# कलसान व नादेमऊ के प्रधानों को नोटिस, सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि

## डीएम ने रविवार को गोवंश आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण, मिलीं कमियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खंड हसेरन क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलसान, नादेमऊ, हसेरन पंचशील तथा हुसैननगर की गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर कलसान व नादेमऊ के प्रधानों को नोटिस देने व ग्राम पंचायत सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

रविवार को डीएम ने कलसान गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया जहां 150 गोवंश व 03 केयरटेकर मिले। गौशाला में गंदगी व स्थिति दयनीय मिली। टीन शेड पर बोरे न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही प्रधान को नोटिस व ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने को कहा।


गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

डीएम ने कहा कि तापमान अधिक हो रहा इसलिए टीन शेड पर गीले बोरे डलवाए जाएं। गोशाला में पाकर, पीपल आदि छायादार पौधे लगाने के निर्देश दिए जिससे पशुओं को गर्मी से राहत मिल सके। आगे कहा, जो पशु बीमार हैं या जिनका उपचार चल रहा है उन पशुओं को अलग शेड में रखा जाए। बीडीओ को निर्देश दिए कि गोशाला की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए। इसी तरह नादेमऊ गोशाला

- हसेरन पंचशील गौशाला की तारीफ की, हुसैननगर में जताई नाराजगी

में 150 गोवंश व 02 केयरटेकर उपस्थित थे। गोशाला में गंदगी पाई गई। टीन शेड पर बोरे न मिलने पर कहा कि इस तरह की लापवरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नादेमऊ के भी प्रधान को नोटिस और सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हसेरन पंचशील गोशाला का निरीक्षण किया जहां 40 व हुसैननगर में 23 गोवंश संरक्षित मिले। हसेरन गोशाला की प्रशंसा जताई। साथ ही हुसैननगर की स्थिति खराब मिलने पर कहा कि गोवंशों के भरण-पोषण व संरक्षण के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है। गौशाला की स्थिति में सुधार लाया जाए।

## पालिका के टैक्स को लेकर सपा व्यापार सभा ने मोर्चा खोला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के पीपल चौराहे पर सपा व्यापार की बैठक हुई। यहां नगर पालिका प्रशासन के बढ़ाए गए टैक्स व बिजली की कटौती जैसी समस्याओं के निदान को लेकर चर्चा कर मोर्चा खोला गया।

समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के पीपल चौराहा स्थित प्रतिष्ठान पर व्यापार सभा की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छिबरामऊ नगर पालिका के द्वारा अधिक टैक्स जैसे वॉटर टैक्स, हाउस टैक्स संबंधित टैक्सों में चार्ज अधिक बढ़ा दिया गया है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से किसानों की फसलें सूख रही हैं। लोग बिजली कटौती से बेहाल हो रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि अगर इन सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण न किया गया। इस दौरान अरविंद गुप्ता, राजन गुप्ता, अवनीश गुप्ता, अयान, विपीन वर्मा, विकास वर्मा, गोविंद यादव, मिथुन, शिवम यादव, सुशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बेटे का हत्यारोपी सौतेला पिता 24 घंटे में गिरफ्तार

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- बहन की ससुराल में मासूम बेटे की निर्मम हत्या का आरोप
- पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, भेजा जेल

**अमृत विचार।** परिवार के साथ बहन की ससुराल आए युवक ने अपने सौतेले मासूम बेटे की जमीन में पटक कर निर्मम हत्या कर दी। मां की शिकायत पर पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कानपुर नगर के थाना घाटमपुर के गांव रघुनाथपुर की रहने वाली रोहिणी पुत्री अजय पाल ने पहले पति की मौत के बाद थाना बिल्हौर के गांव खजरू के रहने वाले मोनू पुत्र रमेश के साथ दूसरी शादी की थी। रोहिणी अपने साथ ढाई साल के पहले पति के पुत्र समर को भी साथ लेकर ससुराल आई थी। कई दिन पहले मोनू परिवार के साथ छिबरामऊ कोतवाली के गांव सराय गोपाल आया था।

दो दिन पहले मोनू ने बहन की ससुराल में ही किसी बात से नाराज होकर सौतेले बेटे समर को छत पर पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा व कानपुर में



पुलिस गिरफ्त में आरोपी सौतेला पिता।

भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। सौतेले पुत्र की हत्या का आरोप पिता पर लगा था। पहले तो घटना पर पर्दा डालने के लिए मासूम के छत से गिरने से मौत की वजह बताया जा रहा था। बाद में पुलिस ने मृतक की मां रोहणी की तहरीर पर आरोपी मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

## बच्चे को लेकर 15 दिनों से लापता महिला के पति ने जान दी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुत्र के साथ घर से लापता हुई महिला का बीते 15 दिनों से पता न लगने पर युवक ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ लग रही।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मानसिंह उर्फ माथुर (38) पुत्र राजेंद्र की पत्नी सोनी देवी, पुत्र आनंद (08) के साथ 25 मई को लापता हो गई थी। पति ने आसपास व रिश्तेदारी में खोजबीन की। पता न लगने पर 27 मई को कोतवाली पुलिस में शिकायती पत्र दिया। कहीं भी पत्नी व पुत्र का पता न लगने से परेशान होकर युवक ने रविवार की सुबह घर के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। मानसिंह ठेली लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। कस्बा प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

# कन्नौज छोड़ना चाहते हैं राजकीय माध्यमिक स्कूलों के 20 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक की तरह माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादले का दौर चल रहा है। राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों के 24 अध्यापकों ने स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किए। इसके सापेक्ष 20 ने फाइलें जमा कीं।

समय सारिणी के मुताबिक डीआईओएस को 7 जून तक ऑनलाइन आवेदन को आगे बढ़ाना था। 8 जून को शिक्षकों ने उस पर टिप्पणी दर्ज की। बताया गया है कि 24 आवेदन में

12 पुरुष व 12 महिला शिक्षकों के हैं। मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों ने ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन किए हैं। डीआईओएस



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का भवन। अमृत विचार

- 24 अध्यापकों ने तबादले के लिए किए ऑनलाइन आवेदन 4 ने नहीं जमा की फाइलें

कार्यालय के मुताबिक जिन शिक्षकों की पत्रावलियां ऑफलाइन प्राप्त हुई हैं उन पर ही संज्ञान लिया गया है। राजकीय इंटर कॉलेजों से 5 सहायक अध्यापकों और शेष 7 पुरुष शिक्षकों ने राजकीय हाईस्कूल से ऑनलाइन आवेदन किए हैं। इसके अलावा 12 शिक्षिकाओं ने भी आवेदन किए हैं वह सभी राजकीय हाई स्कूलों से हैं। कहा जा रहा है कि करीब 3-4 दिन बाद निदेशालय की ओर से इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

# प्याज लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली कार पर पलटी, कई घायल

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रही प्याज से लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर कार पर पलट गई। उसमें बैठे लोग दबकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को कार से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रविवार की शाम लगभग छह बजे क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर फर्रुखाबाद की ओर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पर प्याज लदा होने के कारण अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ से आ रही कार के ऊपर पलट गई। जिससे कार में सवार करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना के बाद आसपास के लोगों ने बचाव कार्य कर कार में सवार लोगों को बाहर निकाला और उन्हें आसपास के निजी अस्पताल में


घटना स्थल पर मौजूद लोग व पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद घायल अपने-अपने घर चले गए। जबकि एक राहगीर के घायल होने की भी खबर है। समधन चौकी प्रभारी संजीव कटारा ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवा कर यातायात बहाल कराया गया है। कार सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं जिन्हे उपचार के बाद घर भेज दिया गया।



एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार व खड़ा युवक। अमृत विचार

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, पांच लोग घायल

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। लखनऊ से आगरा जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के पास पलट गई। हादसे में कार सवार महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। लखनऊ के अहियामऊ थाना क्षेत्र स्थित गोल्फ सिटी निवासी पूनम सिंह अपने परिवार के साथ स्कॉर्पियो से आगरा जा रही थीं। वाहन में उनके साथ सुख देवी, हरपाल सिंह (12), अनन्या सिंह (14) और आयुष सिंह (3) भी सवार थे। दोपहर करीब 4 :30 बजे जैसे ही कार पिपरौली गांव के पास पहुंची तो ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कई बार पलटी खाकर एक्सप्रेस वे पर पलट गई। हादसे से कार के परखच्चे उड़ गए लेकिन गनीमत रही कि सभी सवारियों को केवल मामूली चोटें आईं। एक्सप्रेस-वे पर तैनात ठठिया पुलिस और यूपीडा की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उपचार लेने आये मरीज व मौजूद स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2855 मरीजों का उपचार

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में योजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य टीम ने जांच कर 2855 मरीजों को लाभ दिया। इस दौरान टीकाकरण समेत अन्य लाभ दिये गये।

रविवार को भी मरीजों को स्वास्थ्य सेवायें देने के लिये जिले के 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में पहुंचने वाले मरीजों की जांच कर उनको उपचार दिया जाता है। अवकास पर खुले इन अस्पतालों में मरीजों की लगातार संख्या अधिक हो रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों ने निशुल्क जांच व उपचार की व्यवस्था जांची।

## ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत

**कानपुर।** चकरपुर मंडी में खलासी की अपने ही ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। परिजनों ने हादसा संदिग्ध बताकर चालक पर आरोप लगाया है।

औरैया के गोविंदनगर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग रामकिशन तिवारी ट्रक में खलासी थे। उनके बहनोई सुशील ने बताया कि औरैया निवासी ट्रक मालिक व चालक शीलचंद्र के साथ वह ट्रक में गेंहू लादकर सुबह नौ बजे चकरपुर मंडी आए थे। मंडी में ही रामकिशन अपने ही ट्रक के पीछे के पहियों की चपेट में आ गए। घटना के बाद शीलचंद्र भाग निकला।

परिजनों का आरोप है कि रामकिशन ने दो दिन पहले बताया था कि शीलचंद्र से उनका किसी बात पर झगड़ा हुआ था। परिजनों ने ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की है। सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी खनन कर रही जेसीबी को पुलिस ने किया सीज

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** मिट्टी का अवैध खनन होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन को मौके पर पकड़ लिया। चालक के जेसीबी मशीन के कागज न दिखाने पर पुलिस ने सीज कर दिया। वहीं चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव किरायन में शनिवार रात पुलिस को खनन की सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज किशनवीर सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने जेसीबी को कब्जे में ले लिया और थाना परिसर में खड़ा किया गया। रविवार तक जेसीबी मशीन के कागज पुलिस को ना दिखाने पर उसे सीज किया गया। कस्बा इंचार्ज ने बताया जेसीबी मशीन का मालिक बबलू

- पुलिस को देख ट्रैक्टर लेकर चालक हुआ फरार
- सकरावा थाना क्षेत्र के गांव किरायन में हो रहा था खनन



सकरावा थाने में खड़ी जेसीबी। अमृत विचार

पुत्र रनवीर निवासी ईश्वरपुर जिला औरैया है। चालक ने कागजात न होने की बात पुलिस से कही। वहीं बबलू का कहना है रात में जेसीबी मशीन से खनन नहीं किया जा रहा था। गांव के बाहर कूड़े के ढेर को ट्रैक्टर ट्रालियों में भरा जा रहा था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


जीआईसी उमर्दा में लगे समर कैंप में ताली बजाते विद्यार्थी। अमृत विचार

### विद्यार्थियों को सिखाई यौगिक क्रियाएं

**कन्नौज।** राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में विद्यार्थियों को यौगिक क्रियाएं, ताली एवं लॉफिंग अभ्यास कराया गया। क्लैपिंग अभ्यास एक प्रकार का शारीरिक अभ्यास है जिसमें हाथों से ताली बजाने की क्रिया शामिल होती है। इन क्रियाओं से लय और ताल में सुधार होता है। हाथों और बाजुओं की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही तनाव कम और मन शांत रहता है। बच्चों में खेल भावना बढ़ाने के लिए बच्चों को पसंदीदा खेल लूडो, कैरम, चेस बैडमिंटन खिलाया गया। इस अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में स्नातक की छात्रा खुशबू ने अपने उच्च शिक्षा के अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता व वरिष्ठ प्रवक्ता महेश सिंह यादव मौजूद रहे।

लापरवाही | दो माह पहले केबल डालने के दौरान झुका था पोल

# झुका बिजली पोल दे रहा हादसे को आमंत्रण

संवाददाता, जसोदा, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो माह पहले गांव में बिजली पोल पर केबल डालने का कार्य किया गया। विभाग ने पोल पर केबिल तो डाली पर झुके पोल को ठीक नहीं किया है। इससे हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

ग्राम किसवापुर में दो माह पहले पूरे गांव में बिजली विभाग ने विद्युत तार बदलने का कार्य किया गया था। उसी समय कुछ पोल झुक गए थे जबकि एक पोल अभिषेक कटियार के घर के सामने लगा है। इसमें विद्युत कर्मियों ने मोटे रस्से के सहारे अभिषेक के घर की सरिया से केबिल को बांध दिया। जब विरोध किया गया तो कर्मियों ने कहा कि बहुत ही जल्दी इस खंबे को बदल


हादसे को दावत देता रस्से से बंधा बिजली का पोल। अमृत विचार

- ग्राम किसवापुर का मामला, जिम्मेदार बोले, कोई काम नहीं हुआ

देंगे। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी आज तक नहीं बदल गया। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने अनौगी फीडर के जेई जितेंद्र कुमार से बात की। तो उन्होंने बताया कि अभी दो माह से कोई भी कार्य नहीं किया गया है। दूसरी ओर गांव के लोगों का कहना है कि बिजली का कार्य किया गया था।

### गांव में सफाई व्यवस्था चौपट, पनप रहे मच्छर

**कन्नौज।** गांव में साफ-सफाई नहीं होने का असर दिखने लगा है। गंदगी के चलते मच्छर पनप रहे हैं। इससे बुखार, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अधिक हो रही है। भीषण गर्मी और गांव में सफाई न होने से गंदगी का अंबार लग गया है। गांव की नालियां कीचड़ से भरी हुई हैं। सपाई कर्मचारी अपने काम में लापरवाही बरत रहे हैं। इससे गांव में जहां मच्छर पनप रहे हैं वहीं उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अधिक हो रही है। खास बात तो यह है कि एएनएम व ग्राम प्रधानों के संयुक्त खाते में प्रति वर्ष 10 हजार रुपये भेजे जाते हैं पर इस रुपये का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सरकार का रुपये भेजने का मकसद गांव में टीम लगा कर सफाई कराने के अलावा किसी बीमारी के फैलने पर जीवन रक्षक दवा का छिड़काव कराने का होता है पर यह नहीं किया जा रहा है। इस ओर न तो स्वास्थ्य विभाग ध्यान दे रहा है न ही पंचायती राज विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान दे रहे हैं। जिन गांव में तालाब बने हैं उनकी देखरेख न होने से गंदगी तालाबों में डाली जा रही है। इससे तालाबों में मच्छर पनप कर डेंगू समेत मलेरिया जैसे रोगों को फैला रहे हैं। वैसे तो अभी इस तरह की बीमारी नहीं फैली है पर बरसात का मौसम आने पर गंदगी लोगों के लिये घातक हो जाएगी। मलेरिया समेत डेंगू, चिकनगुनिया जैसे रोगों को जन्म देने लगेंगे। मामले में सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता का कहना है कि गांव में सफाई की जांच कराई जायेगी जिन गांवों में अधिक गंदगी होगी उनकी सफाई कराने के लिये पंचायती राज विभाग को लिखा जायेगा।

## बेटी के लिए रिश्ता देखने गए पिता की मौत

**कानपुर।** बेटी के लिए रिश्ता देखकर लौट रहे वृद्ध को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में पुलिस घायल को समीप के अस्पताल ले गई। जहां से डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया। हैलट में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

सेन पश्चिम पारा के धुरवाखेड़ा निवासी 63 वर्षीय गजराज खेती-किसानी करते थे। शनिवार सुबह वह एकलौती बेटी के लिए रिश्ते की बात करने साइकिल से घाटमपुर गए थे। वहां से लौटते समय कुनिहार मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। हैलट में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Jargaam Abbas **पुत्र कल्बे हसन निवासी ग्राम लखनिया पोस्ट बड़ेपुर तहसील जलालपुर अम्बेडकर** नगर समस्त अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर K 1256425 में त्रुटिवश Zargaam Abbas दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती रूही शुक्ला पत्नी विशाल तिवारी निवासिनी– एस0एस0 /413/ सी– 1. सेक्टर– सी–1, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226012, मेरे आधार कार्ड व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम रूही शुक्ला (RUHI SHUKLA) अंकित है। जो कि सत्य है। जबकि मेरा नाम पैन कार्ड नं0– BLXP8026N में RUHI TIWARI अंकित है। उक्त दोनो नाम RUHI TIWARI व RUHI SHUKLA मेरे ही है, जिसे RUHI SHUKLA के नाम से ही जाना जाये और माना जाये। जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू , निवासी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा, थाना, परगना व तहसील–मलिहाबाद जनपद लखनऊ , मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR ) पुत्र बबलू दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या B7257954 पर मेरा नाम रितिक (RITIK) त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज हो गया है मेरा सही नाम रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम रितिक (RITIK) के स्थान पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे एसजीपीजीआई के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अरुणा गौतम दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा देवी पत्नी राम कुमार है भविष्य में मेरी पत्नी का नाम अरुणा देवी सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा जाना जाए। **राम कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी एकता नगर कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर लखनऊ**

**सूचना**

सर्व समाज को सूचित किया जाता है प्रस्तावित बहुद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड पहाड़पुर अहिरी विकासखंड अहिरोरी न्याय पंचायत गडेउरा तहसील सदर जिला हरदोई की समिति गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 9 जून 25 को समय 11: 00 बजे संपन्न होगी । यह जानकारी समिति द्वारा प्रेषित की गई । **मोबाइल नंबर 9628967077**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

सोमवार को धूप खिली रहने से मौसम खुला रहने की संभावना है। तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

41.0° अधिकतम तापमान | 29.5° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज।** ग्राम तिगड़ा निवासी बृजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि पड़ोस के ही कुछ लोगों ने मामूली विवाद को लेकर उसके साथ अभद्रता कर दी। विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

# किसान, फसलों में डाल रहे अंधाधुंध यूरिया

## पिछले साल महज दो महीने के सापेक्ष 25 फीसदी बिक्री हुई अधिक

अमृत विचार विशेष

अजय मिश्र, कन्नौज

- खपत में सूबे में कन्नौज का चौथा स्थान, मिट्टी व मनुष्य की सेहत पर पड़ रहा असर

**अमृत विचार।** जनपद के ज्यादातर किसान उर्वरकों का फसलों में अधिक प्रयोग कर रहे हैं। यूरिया की बिक्री तो पिछले साल के महज दो महीने की अपेक्षा इस बार करीब 25 फीसदी बढ़ गई। इसको लेकर कृषि विभाग ने चिंता जताई है। इससे मिट्टी पर तो असर पड़ेगा ही, स्वास्थ्य भी खराब होने की पूरी संभावना है।

कहा जा रहा है कि यूरिया बिक्री का तुलनात्मक चार्ट जारी किया है। इसमें 1 अप्रैल से 31 मई 2024 तक कुल दो महीने में 10,585 मीट्रिक टन यूरिया बिक्री हुई। वर्तमान वर्ष 2025 में 1 अप्रैल से 31 मई तक यूरिया की बिक्री बढ़कर 13,207 मीट्रिक टन पहुंच गई। इस हिसाब से जनपद में 2622 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बेची गई जो पिछले साल की अपेक्षा 25 फीसदी अधिक है और कन्नौज का नाम सूबे में चौथा आया है। इसके अलावा प्रदेश में पहले नंबर पर दर्ज खीरी में 8962 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिक्री हुई। सीतापुर 2927 मीट्रिक टन अधिक बिक्री करने के साथ दूसरे व कुशीनगर में यूरिया 2763 मीट्रिक टन ज्यादा बेचने के चलते तीसरे स्थान पर आया है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद का 5वां, शहजहांपुर का 6वां, गोंडा का 7वां, बस्ती का 8वां, प्रयागराज का 9वां और 10वें स्थान पर बलरामपुर आया है।


ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव शरीफापुर के निकट खेत पर खड़ी मक्का की फसल।

कृषि समेत अन्य विभागों की ओर से जो गोष्ठियां होती हैं उसमें किसानों को सीमित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। फसलों में यूरिया अधिक डालने के नुकसान भी बताए जाते हैं, उसके बाद भी काफी किसान ध्यान नहीं देते हैं। अधिक उर्वरक वाली फसल बिक्री पर विदेश में रोक है, पिछले वर्षों में चावल पर रोक लगी थी इसमें कन्नौज का भी नाम आया था। लोगों के स्वास्थ्य को भी नुकसान होता है।


आवेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी

### इन फसलों में किया जाता अधिक उपयोग

- जनपद में आलू, गेहूं व मक्का की फसल का रकबा काफी अधिक है। आलू की अगैती व पिछैती यानि कच्ची व पक्की दोनों तरह की फसल कन्नौज में होती हैं। वर्तमान में 54 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की फसल होती है। मक्का भी गर्मी व बारिश में दो बार होती है। गर्मी का रकवा 55 हजार से 60 हजार हेक्टेयर के करीब रहता है जबकि बरसात सीजन की मक्का का क्षेत्रफल 40 हजार हेक्टेयर से कम रहता है। गेहूं का क्षेत्रफल भी 60 हजार हेक्टेयर के आसपास रहता है। तीनों तरह की फसल में यूरिया किसान खूब डालते हैं। इसके अलावा सब्जियों में भी यूरिया का प्रयोग होता है।

### यूरिया का अधिक प्रयोग करने के नुकसान

- मिट्टी में रसायनों का असंतुलन होता है, उर्वरता कम होती है।
- यूरिया का अधिक प्रयोग मिट्टी और जल प्रदूषण बढ़ा सकता है।
- मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, किडनी को नुकसान हो सकता है।
- पौधों की पत्तियों को कमजोर कर सकता है इससे फसल का विकास रुकेगा। अधिक नाइट्रोजन मिलने से पौधे मुलायम होंगे जिससे कीड़े व बीमारियां अधिक बढ़ती हैं।

### यूरिया के संतुलित मात्रा में प्रयोग के फायदे

- पौधों की वृद्धि करने में सहायक
- पौधों में नाइट्रोजन देता है जो एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है।
- मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने में मदद करता है।
- फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी करता है इससे किसानों को लाभ होता है।

# परिजनों के नाम से अफसर व कर्मी कर रहे ठेकेदारी !

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ईंट भट्टा खोलकर ले रहे निर्माण कार्यों का काम
- ज्यादातर जनप्रतिनिधि भी खुद के प्रतिष्ठान की सामग्री लगवाते

**अमृत विचार।** कई सालों से कुछ जनप्रतिनिधि तो निर्माण कार्य आदि की ठेकेदारी करते ही हैं भले ही लिखापढ़ी में नाम उनके चहेतों या परिजन का हो। दूसरी ओर अब कुछेक अधिकारी-कर्मी भी इस काम में भविष्य संवार रहे हैं। इसको लेकर चर्चाओं का दौर तेज है।

शासन से अधिकारियों, कर्मियों व जनप्रतिनिधियों व उनके परिजनों के ठेकेदारी करने पर रोक है। इसका लिखापढ़ी में आदेश है लेकिन कन्नौज जनपद में इसका भी रास्ता खोज लिया गया है। ब्लॉक सौरिख क्षेत्र के एक अधिकारी गांव-गली का विकास कराने वाले पद पर आसीन हैं। उनके पुत्र उसी विकास खंड के निकट ईंट भट्टा संचालित करते हैं। कहा जा रहा है कि ग्राम पंचायतों में जब ईंट की जरूरत पड़ती है तो उसी भट्टे से मंगाई जाती है। कहा जा रहा है कि वह अधिकारी कर्मियों से बिना लिए कोई काम भी नहीं करते हैं। इसी तरह वेतन निकालने वाले एक विभाग में कर्मी रिटायर हो चुके हैं। उन कर्मी के रहमोकरम पर पुत्र भी ठेकेदारी करता रहा। जर्जर भवनों का मलवा खरीदने में उनका नाम सुर्खियों में रहा।

तिर्वा क्षेत्र के एक पूर्व जनप्रतिनिधि भी निर्माण से जुड़ी कुछ सामग्री का प्रतिष्ठान खोले हैं, उन्होंने भी अपने कार्यकाल में खूब खरीद फरोख्त कर विकास कार्य कराया। हालांकि कागजी काम में माहिर उन्होंने परिजन का नाम नहीं आने दिया लेकिन जनता के बीच इस बात की चर्चा खूब रही। इसके अलावा नगर पालिका परिषद क्षेत्र कन्नौज में भी जनप्रतिनिधि ठेकेदारी करने व निर्माण कार्य में खुद के प्रतिष्ठान की सामग्री लगाने में पीछे नहीं हैं इस मामले में पूर्व व वर्तमान प्रतिनिधियों के नाम खूब लिया जाता है।

# युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति रोकने पर चलेगा अभियान

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** वर्तमान समय में युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ती जा रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना और भविष्य दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। इस गंभीर विषय को लेकर रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता के कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में राज्य मध्य निषेध परिषद के उपाध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए विभाग द्वारा शीघ्र ही एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान न केवल जनजागरूकता से संबंधित होगा, बल्कि इसमें निगरानी, रोकथाम और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शामिल होगी। कहा कि नशे का कारोबार युवाओं के जीवन और समाज के लिए घातक है, इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपाध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला ने आश्वासन दिया कि जनता की भावनाओं और युवाओं के भविष्य को देखते हुए आवश्यक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर सागर अग्रवाल, लालजी गुप्ता, आशू मिश्रा, आशू द्विवेदी, शिशुपाल चौहान आदि मौजूद रहे।


मुख्य अथिति को मां अन्नपूर्णा का चित्र भेंट कर स्वागत करते सौरभ गुप्ता। अमृत विचार

# केसीसी के खाते से 3 लाख ठगी के आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2024 में खाते से पार की थी धनराशि
- साइबर थाना पुलिस को मिली सफलता

**अमृत विचार।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने केसीसी खाते से यूपीआई के माध्यम से तीन लाख रुपये से अधिक के फ्राड करने के मामले में झारखण्ड के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है।

साईबर थाना पुलिस ने झारखण्ड प्रांत के जनपद देवघर के थाना मारगो मुंडा के गांव रामपुर निवासी आरोपी हजरत अंसारी पुत्र मुबारक मियां को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने कई अन्य लोगों से भी फ्राड करने की बात कबूल की है। पुलिस अन्य मामलों की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विभिन्न फर्जी पहचान के माध्यम से स्वयं को कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर धोखाधड़ी कर पीडित के केसीसी लोन एकाउंट से फ्राड करके यूपीआई के माध्यम से 3,04,908 रुपये निकाल लिये। इसके संबंध में थाना साइबर क्राइम कन्नौज में मामला पंजीकृत किया गया था।

आरोपी की गिरफ्तारी करने में साइबर थाने के इंस्पेक्टर विश्वनाथ मिश्रा व सिपाही महेश चन्द को सफलता मिली।

# 'सिंदूर' में घायल जवान का स्वागत

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल हुआ सेना का जवान ठीक होने के बाद घर पहुंचा तो लोगों ने स्वागत किया।

भारतीय सेना की ओर से चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया गया था। इसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी कैंपों को निशाना बनाया था। इस दौरान दुश्मन देश ने भारत की सीमाओं पर ड्रोन हमले किये। इन ड्रोन को मार गिराने के लिए बीएसएफ के सात जवानों की टोली बॉर्डर पर निगरानी कर रही थी जैसे ही ड्रोन दिखाई पड़े जवानों ने उन्हें गिरना शुरू कर दिया। तभी ड्रोन हमले में दो जवान शहीद हो गए तथा पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उच्चाधिकारियों ने घायलों को जम्मू के सतवारी कैंप हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसमें कन्नौज के सकरावा थाना क्षेत्र के गांव जिंदपुर निवासी वर्तमान पता सकरावा रोड सौरिख बृजमोहन सिंह यादव पुत्र अतर सिंह यादव रविवार दोपहर जब साथी ब्रजमोहन को लेकर उनके घर पहुंचे तो परिवार के लोगों के साथ नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, आदेश दुबे, ओमी चतुर्वेदी, केशव यादव, गौरव दुबे सहित कई लोगों ने घर पहुंच कर जवान को फूलों की माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया। इसके साथ वहां मौजूद लोगों को जवान ने बॉर्डर पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुई कार्रवाई के बारे में बताया।


गांव में जवान का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

# नोटिस तक सिमट रही अवैध नर्सिंगहोम बंद कराने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- अधिकारी हलफनामा लेकर कर रहे खानापूरी

**अमृत विचार।** अवैध रूप से जिले में चल रहे नर्सिंगहोम, क्लीनिक पर विभाग चेकिंग तो कर रहा पर कार्रवाई में हीलाहवाली कर रहा है। इससे संचालक मनमाने तरह से बेखौफ होकर नर्सिंगहोम, क्लीनिक व पैथोलॉजी का संचालन कर रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के नर्सिंगहोम, क्लीनिक की चेकिंग की जा रही है। इस दौरान कई अवैध भी मिल रहे हैं। इसके बाद भी इन पर विभाग ने अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। इनको नोटिस तो थमाया गया है पर समय सीमा के अंदर उसे निपटा दिया गया। विभाग ने उनसे हलफनामा ले लिया कि वह अब क्लीनिक, पौथोलॉजी व निजी नर्सिंगहोम का संचालन नहीं करेंगे। इसके बाद भी प्रतिष्ठान पूरी तरह से चल रहे हैं। इनके संचालकों को भी किसी तरह का खौफ नहीं है कि उनके यहां दोबारा छापा स्वास्थ्य विभाग की ओर से पड़ सकता है। इसी लिये वह पहले की तरह नियमित क्लीनिक, नर्सिंगहोम व पैथोलॉजी खोल कर मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नर्सिंगहोम का निरीक्षण करने के बाद निर्देश दिये है पर अभी तक आधे से अधिक का ही निरीक्षण किया जा सका है। अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य विभाग के यह प्रतिष्ठान बंद कराना स्वास्थ्य विभाग के लिये चुनौती बना हुआ है। देखना यह है कि विभाग की ओर से कितनों पर कार्रवाई की जायेगी। जबकि सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता का कहना है कि चेकिंग जारी रहेगी। जो भी क्लीनिक अवैध मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# रास्ता रोक कर मारपीट करने पर तीन पर रिपोर्ट



संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक युवक को रोक कर तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला वनवारी नगर निवासी दीपक श्रीवास्तव पुत्र कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को वह कैरदा रोड से अपने घर की तरफ आ रहा था। तभी कैरदा रोड पर नवीन चौहान व धीरू यादव निवासी छिबरामऊ व सुमित यादव निवासी फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद ने उनको रास्ते में घेर कर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

समस्या — फुलवारी न होने से रात में वाहन चालकों को लगती हैं लाइटें

# कन्नौज–तिर्वा फोरलेन से फुलवारी गायब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज-तिर्वा फोरलेन पर लगी फुलवारी उजड़ गई है। देख-रेख न होने से जगह-जगह फुलवारी नहीं रही। खास बात तो यह है कि फुलवारी में भीषण गर्मी के बाद भी पानी नहीं डाला जा रहा है। फुलवारी डिबाइडर पर न होने से रात के समय वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है।

कन्नौज से तिर्वा तक करीब 18 किलो मीटर फोरलेन मार्ग पर बने डिबाइबर पर फुलवारी लगाई गई थी। इस फुलवारी को लगाने के मुख्य उद्देश्य यह था कि रात के समय वाहन लेकर चलने वालों को सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट दिक्कत न करे। इस फुलवारी को हरा भरा रखने के लिये बीते वर्ष तक देख रेख की जाती रही पर अब इसकी देख रेख पूरी तरह से बंद करदी गई । इससे जगह-जगह फुलवारी नष्ट हो गई है। डिबाइडर पर फुलवारी न होने से रात के समय तेज लाइट लगाकर गुजरने वाले वाहनों की वजह से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है।

तेज लाइट आंखों पर पड़ने से वाहन चालकों को रोड पर दिखाई नहीं पड़ता है। इससे अन्ना मवेशी से वाहन टकराने का खतरा बना रहता है। फुलवारी के आभाव में करीब छह माह में कई वाहन चालकों के वाहन अन्ना मवेशियों से टकरा चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन की ओर से फोरलेन पर फुलवारी लगवाने की व्यवस्था नहीं की जा रही है न ही पानी के आभाव में सूख रही फुलवारी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि सबसे अधिक फुलवारी को नुकसान गांवों के सामने हुआ है।

क्योंकि गांव के सामने स्थानीय लोग व अन्ना मवेशी इन पौधों को नष्ट कर रहे हैं। जिन स्थानों पर फुलवारी नष्ट हुई है वहां पर दोवारा फुलवारी लगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।


तिर्वा–कन्नौज फोर लेन पर फुलवारी नहीं होने से खाली पड़ा डिवाइडर। अमृत विचार

# खेत में काम कर रहे दंपति को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया है कि 07 जून की दोपहर 03 बजे वह अपने खेत में पति के साथ कार्य कर रही थी। तभी गांव के ही दो युवकों ने उसके खेत में जाकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया और मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए पति अशोक कुमार को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# विद्यार्थियों को कराया योग

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में एक भव्य समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पढ़ाई से इतर खेल-खेल में सीखने और जीवन कौशलों के विकास को बढ़ावा देना है। इस कैंप में छात्रों ने योग, प्राणायाम, खेलकूद और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कैंप का मुख्य आकर्षण योग सत्र रहा, जिसका संचालन प्रख्यात योग शिक्षक सत्य राम यादव ने किया। बाबा रामदेव के साथ मंच साझा कर चुके सत्य राम यादव ने छात्रों को योग और प्राणायाम की बारीकियां सिखाईं। वहीं, श्याम सिंह यादव ने योगिक क्रियाओं जैसे त्राटक, लाफिंग थेरेपी और क्लैपिंग का अभ्यास कराया, जिससे छात्रों में मानसिक और शारीरिक ऊर्जा का संचार हुआ। खेलकूद गतिविधियों में गणित क्लब प्रभारी अजय कुमार चौरसिया के निर्देशन में बैडमिंटन और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन गतिविधियों ने न केवल शारीरिक फुर्ती को बढ़ाया, बल्कि टीम भावना और रणनीतिक सोच को भी प्रोत्साहित किया।

प्रधानाचार्य राधा वल्लभ मिश्र ने भी अपने प्रेरक विचारों से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विवेक दीक्षित एवं वेदिका सहित 108 बच्चे मौजूद रहे।


योगाभ्यास करते छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

# गंगा में नहीं डालें खंडित मूर्तियां, रखें स्वच्छता

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


गंगा तट से कचरा निकालते नमामि गंगे के कार्यकर्ता। अमृत विचार


स्वच्छता अभियान बैनर के साथ अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व नमामि गंगे अभियान के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पांचाल घाट के दोनों साइड में रविवार को गंगा समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा घाट पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला गंगा समिति की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने मौजूद पंडित, पुजारी, नाविक, गोताखोर एवं अन्य लोगों को गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया। कहा कि गंगा स्नान करने आए, लोगों के द्वारा भारी मात्रा में गंदगी, खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन इत्यादि गंगा के तट पर छोड़ दी जाती है। गंगा त्योहारों पर भी बहुत से लोग गंगा के तट को जाने अनजाने गंदा करते हैं, जिससे पानी गंदा हो जाता है। यदि समय रहते हम सभी इसके लिए जागरूक नहीं होंगे तो इसके परिणाम अति गंभीर होंगे। इस दौरान सीओ सिटी ऐश्वर्या

- लोगों से घाट पर गंदगी नहीं फैलाने की अपील की
- पुलिस प्रशासन, गंगा समिति ने चलाया सफाई अभियान

उपाध्याय उपस्थित रहीं। उन्होंने भी सभी को जागरूक किया मुख्य रूप से गंगा स्नान करने आई महिलाओं को गंगा में पूजा की सामग्री एवं अन्य चीजें न छोड़ने के लिए जागरूक किया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन लोगों द्वारा घाट में इधर-उधर गंदगी छोड़ दी गई थी, जिससे पानी गंदा हो रहा था। साथ ही गंगा में रहने वाले जीव जंतुओं को भी नुकसान पहुंचता है। सबसे ज्यादा प्रदूषण प्लास्टिक पॉलिथीन इत्यादि से होता है।

लोग स्नान के दौरान घाट पर खंडित मूर्तियां, फोटो फ्रेम, कपड़े इत्यादि छोड़ देते हैं जिससे वह गंदगी कई दिनों तक गंगा के तट पर जमा रहती है और धीरे-धीरे गंगा के जल को प्रदूषित करती है। आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त की है।

इस अवसर पर स्लोगन के माध्यम से भी गंगा स्नान करने आए लोगों को जागरूक किया गया। स्नान करने आए लोगों को कपड़े धोने एवं घाट पर कपड़े छोड़ने के लिए भी मना किया गया। उपस्थित सभी लोगों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। घाट की साफ-सफाई करने के उपरांत गंगा के सफाई योद्धाओं द्वारा सुंदर रंगोली बनाकर घाट को सुंदर बनाए रखने का संदेश भी दिया। इस मौके पर कादरीगेट थाना अध्यक्ष अमोद कुमार, पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा, पुलिस प्रशासन की टीम एवं गंगा योद्धा शांतनु कटियार, भरत कुमार, सुमित, रामरहीश, घनश्याम, वैभव सक्सेना, नितिन गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर युवक से मारपीट

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला भगतन निवासी सियाराम सिंह व उनके पुत्रों ने मिलकर युवक को पीट दिया और घर में तोड़फोड़ की। तमंचे से जानलेवा हमले जेवर नकदी उठा ले जाने का आरोप है।

पीड़ित जयवीर पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 7 जून की रात उसकी भैंस जो घर के बाहर खूंटे से बंधी थी, उसे गांव के ही सियाराम सिंह व उनके पुत्र उमेश और रजनेश ने खोल दी। भैंस बांधने गया तो आरोपी लाठी-डंडों और ईंट-पत्थर से लैस होकर घर के अंदर घुस आए। जयवीर ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब भी हमलावर मारपीट कर रहे थे। जयवीर ने आरोप लगाया है कि रजनेश ने उस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी किया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसकर 50,000 रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवरात उठा ले गए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्ष सगे भाई हैं और पहले से विवाद चला आ रहा है।

# रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत, 3 घायल

## अलीगंज मार्ग पर कैसर खां अड्डे के पास हुआ हादसा

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** अलीगंज मार्ग पर कैसर खां अड्डे के पास रोडवेज बस से एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में दो युवक के साथ तथा एक अन्य घायल हो गया, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


साहिल।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी साहिल अपने दो दोस्तों के साथ ढमढेरा स्थित स्विमिंग पूल गया था। दूसरा साथी कमालुद्दीन गांव बरा केशव थाना नवाबगंज का रहने वाला है। तीसरा साथी आजाद कुबेरपुर का निवासी है। स्विमिंग पूल पर अपना मोबाइल भूल आने के कारण वे वापस जा रहे थे। कैसर खां अड्डे के पास उनकी बाइक रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में साहिल की मौके पर ही मौत हो गई। उसके दोनों साथी घायल हो गए। टक्कर के बाद बाइक सामने से आ रहे टेंपो से भी टकरा गई। टेंपो में बैठे बझेरा निवासी सत्यम का पैर बाहर था। उसके पैर का पंजा कट गया। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने साहिल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साहिल छह भाइयों में तीसरे नंबर का था और मजदूरी करता था। उसकी मां अफसाना व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सड़क हादसों में 5 घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर है। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी नितिन कुमार (18) कायमगंज नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी नन्हे का 17 वर्षीय पुत्र छोटू व ब्रह्मानंद का 15 वर्षीय पुत्र आशीष मोहल्ला नुनहाई निवासी नीलोफर (50) पत्नी अहतेशाम व क्षेत्र के गांव बराविकू निवासी सौरभ घायल हो गए। लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सौरभ को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


जली मक्का की फसल।

## रंजिश में मक्का की रखी फसल में लगा दी आग

**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिड़िया महोलिया निवासी कृष्ण पाल पुत्र सूबेदार ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के निवासी ने बीती रात एक एकड़ मक्के की एकत्र फसल में आग लगा दी।

इससे अनुमानित 40 क्विंटल मक्का जल गई। आरोप लगाया कि आरोपी ने पूर्व में भी कई बार रंजिश के चलते लड़ाई झगड़ा किया है। थाना पुलिस ने पीड़ित का प्रार्थना पत्र लेकर जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# सर्पदंश से थम गई युवक की सांसें

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** झोपड़ी में घुसे सर्प ने युवक को डस लिया। इससे उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरपुर गहलवार निवासी वीरपाल (40) पुत्र होरीलाल की गांव के बाहर झोपड़ी है। बीती रात होरीलाल, पत्नी रीता व पांच बच्चों के साथ जमीन पर सो रहा था। रात को झोपड़ी में घुसे सर्प ने उसकी गर्दन में काट लिया। जिससे वह घबराकर बैठ गया। पत्नी भी जाग गई, रोशनी में देखा तो मौके पर सर्प दिखाई पड़ा। जब तक लोगों को बुलाया और जानकारी दी तब तक होरीलाल की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे। लोहिया अस्पताल में चिकित्सक ने होरीलाल को मृत घोषित कर दिया। उसकी मृत्यु के बाद पत्नी व पांच बच्चे अनाथ हो गए। जिससे उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहसील प्रशासन के अनुसार देवीय आपदा में हुई मृत्यु के बाद सरकारी सहायता देने का प्रावधान है।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधोली में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक की हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधोली गांव निवासी मनीष 20 वर्ष पुत्र जितेंद्र राजपूत की बीती रात अचानक हालत बिगड़ गई। पुत्र की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोगो में हड़कंप मच गया और वह उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही पुत्र की मौत होने की खबर परिजनों को लगी तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उसे मिर्गी का दौरा आता था। जिससे वह अक्सर बीमार रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## सत्य सनातन धर्म ही हमें प्रकृति से जोड़ता है

**कालपी जालौन।** श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन विख्यात कथा वाचक व्यास श्री राम श्याम जी महाराज ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का रोचक प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान के जन्मोत्सव, उनके नामकरण और पूतना वध के साथ माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

कंदौरा विकास खंड के ग्राम तिरही में समाजसेवी सुघर सिंह पाल के आवास में आयोजित श्री मद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक राम श्याम जी महाराज ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं का अत्यंत मधुर व मनोरम वर्णन किया जिसे सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गये।

# शादी समारोह में आए दो युवकों की बेतवा में डूबने से गई जान

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शादी समारोह में शामिल होने आए दो युवकों की बेतवा नदी में नहाते समय गहराई में जाने से डूबकर मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

डकोर थाना क्षेत्र के कहटा गांव के निवासी खुशाली ने बताया कि उसके नाती आशीष की 7 जून शनिवार रात को हमीरपुर के टोला गांव में बारात जानी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए अभिषेक 16 वर्ष पुत्र रामगोपाल निवासी जडाखर राठ हमीरपुर और अंकित 21 वर्ष पुत्र संतोष अहिरवार निवासी धौहल थाना जलालपुर गांव आए थे। शनिवार शाम को अभिषेक और अंकित सहित गांव के दो अन्य युवक नहाने के लिए गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर बेतवा नदी पर चले गए। नहाते समय अभिषेक अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में अंकित भी नदी में समा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर युवक डूबे वहां हाल ही में मौरंग खनन हुआ था, जिसके चलते नदी में काफी गहराई हो गई है। नदी की यही गहराई युवकों की मौत का कारण बन गई।

डकोर थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन कर दोनों शव बरामद कर लिया गया है। परिजनों को सूचना देकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

विरोध जताया | बेतवा नदी में मिला था युवक का शव, हत्यारोपियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# पीड़ितों ने डीएम, एसपी आवास के सामने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता उरई


जाम लगाए लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोटरा थाना क्षेत्र में बेतवा नदी में हुई युवक की संदिग्ध मौत के मामले में कार्यवाही न होने से नाराज परिजनों ने डीएम-एसपी आवास के सामने जाम लगा दिया और नारेवाजी शुरू कर दी। जाम की सूचना पर एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जाम खुलवाया। साथ ही कहा कि जल्द ही जांच पड़ताल करके आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जोयगी।

दो दिन पूर्व कोटरा थाना क्षेत्र की बेतवा नदी में उरई निवासी रामरतन 21 वर्ष पुत्र मनीष अहिरवार अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा था। दूसरे दिन रामरतन का जख्मी हालत में शव नदी में पड़ा मिला था। शरीर से एक हाथ भी गायब था जो कि कुछ दूर पड़ा हुआ था और मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान भी थे। जिससे परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब कार्यवाही नहीं हुई तो रविवार की दोपहर मृतक के परिजन दर्जनों लोगों के साथ डीएम-एसपी आवास के पास पहुंचे और जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे आलाधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वाशन देते हुए परिजनों को समझा बुझाकर कारवाई का भरोसा दिलाया, तब जाकर उन्होंने जाम खोला। वहीं करीब एक घन्टे जाम लगने से जालौन-उरई यातायात बाधित रहा। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है अगर न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जायेगा।

# तिपहिया वाहनों का बेतरतीब संचालन बन गया मुसीबत

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** तिपहिया वाहनों का बेतरतीब संचालन लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। लोगों को सड़क से गुजरने में परेशानी हो रही है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे हैं।

नगर से उरई, जोल्हूपुर, कदौरा, भोगनीपुर तथा अन्य ग्रामीण इलाकों के लिए वाहनों का संचालन नगर के मुन्ना फुल पावर चौराहे तथा अन्य स्थानों से होता है, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या तिपहिया वाहनों की है लेकिन वह इतने ज्यादा हो गये है जिससे नगर की यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई है। आलम यह है कि पुलिस के द्वारा ध्यान न दिए जाने से मुन्ना फुल पावर चौराहे स्थित सर्विस रोड पर बेतरतीब तिपहिया खड़े हो जाते हैं, जिससे अन्य वाहनों को सर्विस रोड से निकलना मुश्किल हो जाता है।

इन तिपहिया चालकों की दंबगई का आलम यह है वह हटने की कहने पर लड़ने झगड़ने पर आमादा हो जाते हैं, जिससे लोग उनसे बचकर निकलने में ही भलाई समझते हैं और ऐसा भी नहीं है कि पुलिस को उनकी स्थिति की जानकारी न हो बल्कि उनका संचालन चौराहे पर स्थित पुलिस की अस्थाई चौकी से होता है जहां 24 घण्टे पुलिस की मौजूदगी रहती है। इसके बावजूद भी उनका सड़क घेरकर खड़ा होना बन्द नहीं हो रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी के अनुसार अभी तक किसी ने भी उनके व्यवहार की शिकायत नहीं की है। लेकिन अब जानकारी मिली है । अराजकता की स्थिति में उन पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि राहगीरों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जायेगी। अजाकता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप


सत्य साहिब चेरिटेबल ट्रस्ट के महासचिव शशिभूषण सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता रामचंद्र यादव व जिला अध्यक्ष वैध अजय कुमार जानकारी देते हुए।

### संत रामपाल का फोटो लगा जनता को गुमराह कर रहे विरोधी

**फर्रुखाबाद।** संत रामपाल 11 वर्ष पूर्व आम जनता को सत्य के मार्ग पर चलने की दीक्षा देते थे। जनता उनके इस मार्ग पर चलकर लाभान्वित हो रही थी। यह बात सत्य साहिब चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक/महासचिव शशिभूषण सिंह ने सासाराम बिहार के बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में कही। उन्होंने कहा कि उनके विरोधियों को यह रास नहीं आया और झूठे केस में फंसाकर संत रामपाल को 2013 में जेल भिजवा दिया। 11 वर्षों से हिसार जेल हरियाणा में बंद हैं। उनके विरोधी समिति बनाकर, उनकी फोटो का उपयोग कर फर्जी दीक्षा दे रहे हैं। दीक्षा के नाम लाखों करोड़ों रुपये जनता से लेते हैं। संत रामपाल के चित्र लगाकर अपनी कई फर्जी पुस्तकें बनवाई, जिससे लाखों करोड़ों रुपये जनता से कमा रहे हैं। उन्होंने सरकार से इन फर्जी कृत्यों पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वैध अजय कुमार, हरीश सिंह मुजफ्फर नगर, वीरेंद्र महतो, कृष्ण दासी, अरविन्द, बिंदु, सुषमा, अमित मौजूद रहे।

### खाद के पैसे मांगने पर, विक्रेता व कार्मिक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में खाद की उधारी वसूली करने गए खाद विक्रेता और उसके कार्मिक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मोहम्मदाबाद कोतवाली में नामजद तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मुरास कनहया गांव निवासी सुधीर सिंह पुत्र राज बहादुर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह 8 जून की सुबह अपने नौकर ब्रजमोहन पुत्र भईयालाल, निवासी पट्टी खुर्द के साथ मतापुर गांव निवासी के घर गया था। सुधीर सिंह की शिव खाद भंडार नाम से खाद की दुकान है, जहां से अक्टूबर माह में आरोपी युवक ने 30,300 रुपये की खाद उधार ली थी। सुधीर सिंह के अनुसार जब उन्होंने आरोपी युवक से खाद के उधार पैसे मांगे तो वह भड़क उठा और साफ इनकार कर दिया कि उसने कोई खाद उधार नहीं ली है। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जब सुधीर सिंह ने आपत्ति जताई तो आरोपी ने उनके और ब्रजमोहन के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों को चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रैंड मास्टर ने बाबा नीम करोरी के किए दर्शन

**फर्रुखाबाद।** कोरियन ग्रैंडमास्टर वान यांग ली ने रविवार को नीमकरोरी मंदिर जाकर माथा टेका तथा बुद्ध नगरी सांखिसा जाकर भगवान बुद्ध को प्रणाम किया। सकिसा जाकर बुद्ध के दर्शन कर मास्टर ली अत्यधिक प्रसन्न हुए। वे कोरियन देश के टेंपल भी गए। भंते लोगों से मिल कर बुद्ध के इतिहास को भी जाना। इस दौरान उनके साथ में अजय प्रताप सिंह, उदय सिंह, अमन ने भी दर्शन किए।

### सड़क पर अतिक्रमण किए व्यापारियों को दिए नोटिस

**कालपी।** सुबह सब्जी मंडी रोड से निकलने वाले लोगों की राह अब आसान हो सकती है। पालिका ने सड़क पर अतिक्रमण किए आधा दर्जन व्यापारियो को नोटिस दिए हैं। साथ ही कहा है कि अगर निर्धारित समय में अतिक्रमण न हटाया तो उन्हें प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भी देना होगा। टरननगंज स्थित बिजलीघर रोड पर पालिका परिषद द्वारा लगभग 4 दशक पूर्व सब्जी मण्डी की स्थापना की गई थी, जिससे सब्जी का बाजार फुटपाथ पर न लगे हालांकि यह मण्डी फुटकर कारोबारियों के साथ थोक कारोबारियों के लिए भी बनाई गई थी लेकिन कुछ दिनों बाद सब्जी की दुकानें फिर से बाजार में संचालित होने लगी थीं। इसी बीच थोक कारोबारियों ने बेहद चलने वाले रोड पर दुकानों के आगे जाल लगाकर सड़क पर अतिक्रमण कर लिया था, जिसकी वजह से सुबह का सब्जी बाजार सड़क पर लगने लगा है, जिससे लगभग 4 घण्टे इस रोड से वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी वजह से इस क्षेत्र में रहने वाले और यहां से गुजरने वाले लोग भी परेशान होते हैं। आलम यह है कि सुबह स्कूली वाहनों को भी निकलने में मशक्कत करनी पड़ती है तो कभी कभार बच्चों को स्कूल पहुंचने मे देर भी हो जाती है। लोगों ने तमाम प्रयास किये लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। हालांकि अब पालिका परिषद ने इस रोड पर अतिक्रमण किये 6 सब्जी कारोबारियों को नोटिस देकर दुकानों के आगे सड़क पटरी से लोहे के जाल हटाने के निर्देश दिए है। नोटिस में उन्हें तीन दिन का समय दिया गया है और न हटाने पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना का भी प्रावधान किया गया है। ई ओ अवनीश कुमार शुक्ला के अनुसार नोटिस देकर उन्हें खुद अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए अन्यथा की स्थिति में अभियान चलाकर पालिका परिषद उन्हे हटा देगी ।

### जन आरोग्य मेले में 47 मरीजों की जांची सेहत

**कालपी।** कालपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे 47 मरीजों का उपचार करके उनको भीषण गर्मी से बचाव के लिये जागरूक किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चीफ फार्मासिस्ट राकेश बघेल की मौजूदगी में चिकित्सा अधिकारी डॉ सोनू गौतम की अध्यक्षता में आयोजित मेले में मरीजों के उपचार के अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी गयीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने 47 मरीजों का उपचार करके गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के सुझाव दिए । स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि भीषण गर्मी की चपेट में आकर के उल्टी,दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए सभी लोग ताजा भोजन ग्रहण करें। शुद्ध पानी का प्रयोग करें तथा पूरे कपड़े पहन कर दोपहर को घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें। चीफ फार्मासिस्ट ने बताया कि मेले में 17 पुरुष व 15 महिलाओं तथा 15 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करके इलाज किया गया है। नीरज पाल ,हिमांशु दीक्षित, शालिनी वाजपेई, आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया।


ज्ञापन देते हुए जाटव महासभा के सदस्य।

### जाटव महासभा ने की डॉक्टर के निलंबन की मांग

**जालौन।** रामपुरा के पत्रकार कुलदीप सिंह जाटव पर चिकित्सक द्वारा कथित हमले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को जाटव समाज विकास महासभा के बैनर तले समाज के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से डॉ. हरिशरण प्रजापति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, विभागीय निलंबन और स्थानांतरण की मांग की गई। मामला 25 मई का है, जब पत्रकार कुलदीप सिंह जाटव अपने पिता के साथ माधौगढ़ पीएचसी पहुंचे थे। रास्ते में तबीयत बिगड़ने पर उनके पिता राजकुमार जाटव उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. हरिशरण से इलाज को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद चिकित्सक ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर पत्रकार की बेरहमी से पिटाई की, जातिसूचक गालियां दीं और गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही माधौगढ़ के उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल पत्रकार को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर डॉ. हरिशरण प्रजापति के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। महासभा ने यह आरोप भी लगाया कि डॉ. हरिशरण पूर्व में रामपुरा में भी जातिगत द्वेष के कारण विवादों में रह चुके हैं। महासभा ने मांग की है कि उक्त घटना की निष्पक्ष मजिस्ट्रेट जांच कराई जाए और पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामशरण जाटव, महासचिव जगदेव प्रसाद, जिलाध्यक्ष माता चरण जाटव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामसनेही जाटव, निर्मल जाटव, पूरन सिंह जाटव, राधेश्याम जाटव,धर्मवीर सिंह जाटव आदि मौजूद थे।

# डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

## जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर जमुना बाग गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता जसवंत इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुना बाग फ्लाईओवर के पास डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवक ट्रक और डीसीएम के बीच फंस गए और दोनों बुरी तरह कुचल कर घायल हो गए। बाद में हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृत युवक के शव का पोस्ट मार्टम के लियेभेज दिया है। वहीं जानकारी मिलतेही परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत अड्डा टीला निवासी शिवकुमार 28 वर्ष पुत्र दयाशंकर व आशू 18 वर्ष पुत्र संतोष कुमार बाइक से किसी काम से सिरसागंज गए थे। जब दोनों घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों युवक जमुना बाग फ्लाई ओवर पार कर होटल के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी इससे बाइक ट्रक और डीसीएम के बीच फंस गई। इस दुर्घटना में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद डीसीएम व ट्रक चालक अपने अपने वाहनों को भगा ले जाने में सफल रहे। हादसे की जानकारी मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी अनोज कुमार ने तत्काल दोनों को सीएचसी पहुंचाया, हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने आशू को मृत घोषित कर दिया जबकि शिवकुमार की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब फरार डीसीएम और ट्रक चालकों की तलाश कर रही है। युवक की मौत की से परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**जसवंतनगर।** कोतवाली जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतनगढ़ के पास रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पो मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार पुत्र दिलीप कुमार निवासी मोहल्ला रेलमंडी हनुमान गली जसवंतनगर की ग्राम रतनगढ़ के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से टक्कर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक के पिता दिलीप कुमार रेलवे विभाग में पॉइंट्समैन के पद पर कार्यरत हैं। परिजनों के अनुसार, रोहित एक मिलनसार युवक था और पढ़ाई में अच्छा था।

### छिपकली गिरी सब्जी खाने से पांच लोग बीमार

**इटावा।** शहर के मोहल्ला राधा कुंज में छिपकली गिरा खाना खाने से पांच लोगों की तबियत खराब हो गई। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त मोहल्ला निवासी महेश के घर में सब्जी बनी थी तभी अचानक किसी तरह से छिपकली सब्जी में गिर गई। परिवार के लोगों को इसकी जानकारी नही हुई। महेश की पत्नी सुमन उनके पुत्र यर्थात, रुद्र, अशुल व निर्मला ने खाना खाया तो उनकी तिबयत बिगड़ गई। बाद में देखा तो सब्जी में छिपकली मिली। सभी लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै।

## मिड-वे पार्किंग व फुटपाथ खाली कराने की मांग

**इटावा।** शहर के व्यस्त बाजार नगर पालिका चौराहा से तिकोनिया तक अनधिकृत रूप से मिड-वे पार्किंग से दुकानदारों एवं ग्राहकों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री आकाश दीप जैन बेटू ने कहा जाम का प्रमुख कारण अनाधिकृत मिड-वे पार्किंग व्यवस्था है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि शहर के मुख्य बाजारों में चार पहिया वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा कर शहर में बेतहाशा दौड़ रहे थ्री व्हीलरों का रूट निर्धारण कर उनकी संख्या पर लगाम लगाई जानी चाहिये। उन्होंने कहा आपातकालीन वाहनो के गुजरने में बहुत दिक्कत होती है। इसलिये मुख्य बाजार में सड़कों के बीच में अनाधिकृत मिड-वे पार्किंग सिस्टम खत्म कर एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण समाप्त कर जाम की समस्या का स्थाई समाधान करने की योजना लागू की जानी चाहिये।

# पौधों का संरक्षण हम सभी का कर्तव्य

कार्यालय संवाददाता इटावा


पौधारोपण करते पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव व डॉ. कैलाश यादव।

- शिवपाल सिंह ने पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में किया पौधारोपण

**अमृत विचार।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बाइपास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, शिक्षकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधा जीवनदाता हैं और इनका संरक्षण हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व निभाने वाला संस्थान भी है। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, छात्र, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में इस आयोजन में शामिल हुए और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण के महत्व पर आधारित निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एच एन स्कूल के प्रबंधक पवन एवं केकेडीसी के प्रोफेसर प्रमोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता का प्रेरणास्रोत बना और सभी ने संकल्प लिया कि वे इस मुहिम को आगे भी जारी रखेंगे।

# चंबल नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

संवाददाता उदी इटावा

**अमृत विचार।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत नगला बीरबल के पास रविवार को अपने दोस्तों के साथ चंबल नहाने गया एक युवक बोट अनियंत्रित होने से नदी में डूब गया। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

नवीन कुमार बघेल 22 वर्ष निवासी ग्राम नगला वीरवल अपने पांच दोस्तों सचिन, अंकित, गुड्डू, अंकुश, हर्ष और अभिषेक के साथ सुबह करीब 10 बजे चंबल नदी पर नहाने गया था। वहां मौजूद चंबल सेंचुरी की एक बोट को देखकर नवीन ने नदी के बीच जाने की जिद की। दोस्तों ने उसे काफी समझाया, लेकिन नवीन नहीं माना और अकेले ही बोट लेकर नदी में उतर गया। बोट कुछ दूर जाकर यूपी-एमपी सीमा को जोड़ने वाले चंबल पुल के खंभा नंबर-5 से टकराकर अनियंत्रित हो गई। जिससे नवीन पानी में गिर गया। उसके दोस्तों ने तत्काल उसे बचाने की कोशिश की लेकिन गहराई और बहाव के चलते सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही बढ़पुरा थाना पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में युवक का शव नदी से बरामद किया गया। इस घटना की जानकारी पर नायाब तहसीलदार प्रीति सिंह भी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंची।

# आग लगने से गृहस्थी हुई राख

संवाददाता भरथना इटावा


आग बुझाता दमकलकर्मी।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहरोई में रविवार की सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों में उस समय हाहाकार मच गया जब अज्ञात कारणों के चलते अशोक कठेरिया,ध्रुव कठेरिया पुत्रगण बाबूराम कठेरिया की झोपड़ी में अचानक आग लग गई।

गांव में आग लगने की सूचना पर ग्रामीण अपने घरों से पानी भरी बाल्टी डब्बा लेकर घटना स्थल पर आग बुझाने दौड़कर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग लगने के दौरान ध्रुव कठेरिया की झोपड़ी के निकट बंधी भैंस को बचाने के लिए वह गया तो वह भी झुलस कर घायल हो गया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बताया गया है कि किसी तरह से अशोक कठेरिया की झोपड़ी में आग लग गई। उसमें उसका सामान रखा था। पास ही उसके जानवर बंधे थे। आग की लपटें उठती देख गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिया। लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से आग बुझाने में जुट गई। इसी बीच झोपड़ी के पास बंधी भैंस भी आग की चपेट में आ गई। ध्रुव का पुत्र कौशल भैंस को बचाने गया तो वह भी आग की चपेट में आने से झुलस गया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा गृहस्थी का समाना जलकर राख हो गया। ध्रुव कठेरिया ने बताया कि आग लगने से झोपड़ी में रखा 15 क्विंटल भूसा 4 क्विंटल गेहूं, बिस्तर,कपड़े, चारपाई,बर्तन आदि गृहस्थी का सारा सामना जल कर राख हो गया। सूचना पर पशुचिकित्सक ने मौके पर जाकर भैंस का इलाज किया। घायल हुए कौशल कांत को एक प्राइवेट चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया है। अग्निकांड के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

## रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान से की मारपीट

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मशाला में ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे 76 वर्षीय सेवानिवृत्त सीआरपीएफ जवान को चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

ग्राम धर्मशाला निवासी सेवानिवृत्त सीआरपीएफ जवान रामबरन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने ट्रैक्टर से खेतों की जुताई कर रहा था कि उसी समय गांव के ही जनवेद व उनके पुत्र अमित और आकाश के अलावा प्रदीप हाथों में लाठी डंडे लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए ट्रैक्टर रोक लिया। सेवानिवृत्त सीआरपीएफ जवान ने जब गाली गलौज देने से मना किया तो आरोपियों ने उसको लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


प्याऊ लगाकर लोगों को पानी पिलातीं जायन्ट्स सहेलियां।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ़ सहेली ने लगाया प्याऊ

**इटावा।** शहर की जनता को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से निर्जला एकादशी के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ़ इटावा सहेली ने राम लीला रोड स्थित मंदिर पर घड़े रख कर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की। साथ ही बिस्कुट भी वितरित किए। जनता ने जायंट्स ग्रुप इटावा सहेली द्वारा किए जाने वाले सभी प्रोजेक्ट्स की भूरी भूरी प्रशंसा की। लोगों को रास्ते में चलते समय प्यास लगती है दूर दूर तक पानी की व्यवस्था नहीं थी। इस कारण सभी लोगों को बहुत राहत मिली। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित, अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, डीओए हेनू वर्मा, डीओएफ विमल शर्मा, संगीता अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, प्रज्ञा दोषी, आदि उपस्थित रहीं।


महक का स्वागत करते लोग।

### महक ने जिले का गौरव बढ़ाया, स्टेशन पर हुआ स्वागत

**इटावा।** जनपद की होनहार बेटी महक खान सहायक अधीक्षक रीजनल पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ में ज्वाईनिंग लेकर पहली बार रेल द्वारा जनपद आयी तो समाज उत्थान समिति के डॉ. हरीशंकर पटेल के नेतृत्व में समाज उत्थान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर फूलमाला, बुके, अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर महक का स्वागत किया।डॉ. हरीशंकर पटेल ने बताया कि विपरीत परिस्थियों में शिक्षा को अपना सच्चा साथी बनाकर यह सफलता हासिल की उस पर मुझे गर्व है लेकिन शिक्षा रूपी रथ यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईएएस बनने के बाद ही रुकेगा तभी हमें पूरी खुशी मिलेगी। स्वागत करने वालों में शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रमेश चन्द्र राजपूत, राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक अशोक यादव, अशोक राजपूत, हसन जावेद अन्सारी, मंजूलता राजपूत, अनिल राजपूत, राजेश सिंह, संजीव राजपूत,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### जहर खाने से महिला की मौत

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव बम्होरा में किसी बात को लेकर एक महिला ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उक्त गांव निवासी राजू की पत्नी प्रिया ने किसी बात से नाराज होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** लेवदी थाना क्षेत्र के गांव चंद्र पुरा में किसी कारण से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उक्त गांव निवासी मनीष कुार पुत्र सुरेंद्र सिंह किसी बात से परेशान था।इसी परेशानी के चलते उसने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## खेत की मेड़ों से होकर स्कूल जा रहे बच्चे

**बकेवर।** महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत नवादा खुर्द कलां के मजरा नगला कुशल में दो दशक पूर्व सरकार द्वारा परिषदीय प्राथमिक विद्यालय खोला गया था लेकिन अभी तक विद्यालय पहुंचने का रास्ता नहीं बनाया गया है। छात्र छात्राएं खेतों की मेंड़ व सिंचाई विभाग की नाली की मेड़ से होकर विद्यालय जाने को विवश हैं। स्कूल जाने के लिए ग्रामीण खेत से रास्ता देने के लिए तैयार है लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

गांव नगला कुशल में दो दशक पूर्व सरकारी परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की स्थापना होने से गांव नगला कुशल और नगला फतेह के ग्रामीणों में शिक्षा के प्रसार को लेकर आशा की किरण उपजी थी इन गांवों के बच्चे अब प्राथमिक शिक्षा से वंचित नहीं होंगे और इस स्कूल से प्राथमिक शिक्षा हासिल करने के बाद आगे अपनी उच्च शिक्षा का भी मुकाम हासिल कर सकेंगे। स्कूल की स्थापना हुई इमारत भी बनी लेकिन स्कूल जाने का रास्ता हासिल नहीं हो सका। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है।

# 3 देशी पिस्टल व तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार


पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस बल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना पुलिस व एसओजी टीम ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान सारंग पुरा मोड़ के पास से एक कार सवार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तीन देशी पिस्टल व एक तमंचा बरामद हुआ है।

बताया गया है कि प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह अपने हमराह व एसओजी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में गस्त पर थे तभी सूचना मिल कि एक डस्टर कार में सवार व्यक्ति के पास अवैध असलाह है। वह उन्हें बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक कार आती दिखी। कार को रोकने पर उसकी तलाशी ली गई तो कार से तीन देशी पिस्टल व एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राघवेन्द्र यादव पुत्र दलेल सिंह निवासी गोलापनगर, संजय नगर थाना बारादरी जनपद बरेली बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह असहालों को बेचने की फिराक में आया था। पुलिस ने उसकी कार भी सीज कर दिया।

## कथा व्यास का किया गया सम्मान

**इटावा।** विकास खंड क्षेत्र महेवा के ग्राम मुकटपुर में श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है ।

वहीं कथा के पांचवे दिन श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह भदौरिया औरनरेंद्र सिंह भदौरिया ने बाल व्यास सत्यम दुबे जी को अंग वस्त्र भेंटकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया साथ ही व्यास जी की पूरी टीम और पंच वरुण को भी समिति के अध्यक्ष ने वस्त्र पहना कर सम्मानित किया, गांव में चल रही भागवत में सैकड़ों की संख्या में लोग कथा का श्रवण कर रहे है, भागवत कथा की व्यवस्था की जिमेदारी कोषाध्यक्ष अध्यापक संजू तोमर सुचारु रूप से निभा रहे है, भागवत की व्यवस्था को संभालने में टीम लगी हुई हैं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में यदुवीर तोमर, नरेंद्र भदौरिया, सुनील तोमर, सोनू मिश्रा, कल्लू भदौरिया, रामपाल तोमर, संग्राम तोमर, कल्लू चौहान, अवनीश तोमर, कल्लू तोमर, आदित्य भदौरिया, ध्रुव भदौरिया आदि रहे।

# बहन की डोली उठने से पहले भाई की उठी अर्थी

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- पैर पुजाई के दौरान भाई बेहोश होकर गिरा, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव मलाजनी के मजरा डूढ़हा में उस समय शादी की खुशियां मातम में बदल गई जब भाई द्वारा बहन के पैर पुजाई करते समय अचानक भाई को दिल का दौरा पडा और वहीं बेहोश होकर गिर पडा। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहन की डोली उठने से ठीक पहले उसके भाई की अर्थी उठ गई।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव के रहने वाले चंद्रप्रकाश जाटव की पुत्री शशि की बारात शनिवार की शाम गांव पिंडारी, थाना सैफई से आई थी। रात भर वैवाहिक रस्में हंसी-खुशी के साथ चलती रहीं। लेकिन रविवार सुबह, जब भांवर की रस्म चल रही थी। पैर पुजाई के दौरान अचानक शशि का छोटा भाई मनीष (27 वर्ष) बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसवंतनगर लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से हुई इस आकस्मिक मृत्यु की खबर मिलते ही शादी का घर मातम में डूब गया। दुल्हन शशि अपने पांच भाइयों में इकलौती बहन है।

इससे पहले भी उसके एक भाई की मृत्यु 13 वर्ष पूर्व करंट लगने से हो चुकी है। अब विवाह की रस्मों कन्यादान के बीच हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को अंदर तक झकझोर दिया है। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही जानकारी प्राप्त हो पाएगी अस्पताल की सूचना पर पुलिस सीएचसी पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कार्रवाई की। ग्राम प्रधान लक्ष्मीनारायण शाक्य भी शोक संतप्त परिवार के पास मौजूद रहे और ढांढस बंधाया। वहीं इस मौके पर सभी की आंखें नम हो गईं।

उफ! ये गर्मी

सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बिजली की आवाजाही बनी कोढ़ में खाज,जरूरी काम वाले ही घरों से बाहर निकले

# पारा 40 डिग्री के पार, भीषण गर्मी ने किया बेचैन

कार्यालय संवाददाता इटावा


गर्मी के कारण सड़कों पर पसरा सन्नाटा।


गर्मी के कारण महिला के साथ जा रहा बच्चा पानी पीते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी एक बार फिर परेशान करने लगी है। पिछले एक सप्ताह जरूर गर्मी से कुछ राहत महसूस की गई लेकिन शनिवार से गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो गए। दोपहर को तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया जिसके चलते लोग खूब परेशान रहे। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा।

रविवार को सुबह से ही धूप निकल आई और तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती गई। दोपहर 2 बजे के करीब अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके कारण लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे रविवार की छुट्टी होने के कारण लोग अपने घरों में ही रहे और जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। इसके सड़कों पर भी ज्यादा भीड़ नहीं रही और सन्नाटा छाया रहा। पिछले एक सप्ताह गर्मी से राहत रही और तापमान 38 डिग्री से अधिक नहीं पहुंचा था। इस बीच बादल भी छाए रहे और बूंदाबांदी भी हुई इसके बाद अचानक मौसम में करवट बदली और एक बार फिर भीषण गर्मी शुरू हो गई। एक सप्ताह की राहत के बाद बढी गर्मी से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी गर्मी में और बढ़ोतरी होगी तथा तापमान भी बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिक एस एन सुनील पांडे का कहना है कि इस सप्ताह गर्मी और बढ़ेगी और तापमान बढ़कर 42 से 43 डिग्री तक पहुंच सकता है फिलहाल गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

गर्मी के बढ़ने के साथ ही बिजली की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। रविवार की दोपहर को शहर के अशोक नगर, पीएसी गली, कटरा साहब खां, सिविल लाइन, रामलीला रोड तक फाल्ट के कारण बिजली चली गई और फिर मरम्मत के बाद बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। इस कारण दोपहर को एक से डेढ़ घंटे तक इन मोहल्ले के लोगों को बिना बिजली के कारण रहना पड़ा, इससे लोगों को परेशानी हुई।

# 29 जून को मेधावियों का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता इटावा


बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

- परशुराम रत्न भी शुरू किया जायेगा
- परशुराम सेवा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार।** परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक रविवार को प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित के आवास सिविल लाइंस इटावा में संपन्न हुयी 1 बैठक की अध्यक्षता संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य नरेश चंद्र भटेले ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया । बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के लिए चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया गया ।

परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि मेधावी सम्मान व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 29 जून दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से शक्तिधाम समारोह स्थल महेरा चुंगी इटावा में आयोजित किया जायेगा । प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा व विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के एक विशेष व्यक्तित्व का चयन करके परशुराम रत्न से सम्मानित किया जायेगा । परशुराम रत्न चयन के लिए चयन कमेटी की घोषणा की गयी जिसमें संरक्षक डॉ.अरविंद दुबे, लालजी प्रसाद दुबे, बृजानन्द शर्मा, हरिप्रकाश चौधरी, डॉ.मिथलेश दीक्षित हैं । बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक नरेश चंद्र भटेले, लालजी प्रसाद दुबे, हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा, विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित, जिला प्रभारी सुशील पांडेय,स्वदेश दीक्षित, विमल रहे।



अजीतमल के जनता महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को चेक देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# औरैया में खुलेगा मक्का खरीद केंद्र : योगी

## मुख्यमंत्री बोले, जल्द ही मक्का के एमएसपी की होगी घोषणा, मेडिकल कॉलेज का जल्द उद्घाटन करने का दिया भरोसा

अर्पित अवस्थी, औरैया

- बिना नाम लिए अखिलेश और शिवपाल पर साधा निशाना
- बोले, यूपी पुलिस में डेढ़ लाख भर्तियों का बना रिकॉर्ड

**अमृत विचार।** पहले की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। युवाओं के लिए जो सरकारी भर्तियां निकलती थीं, उसमें चाचा-भतीजे की जोड़ी की ऐसी नजर लगती थी कि वो रद्द हो जाती थीं। देश के युवाओं की उम्मीदें टूट जाती थीं और वह बेरोजगार रहता था। अब डबल इंजन की सरकार ने रोजगार के रास्ते खोले हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन नेशन के तहत अब तक 2 करोड़ युवाओं को हमारी सरकार नौकरी दे चुकी है। सिर्फ यूपी पुलिस में ही अब तक डेढ़ लाख भर्तियां की जा चुकी हैं, जो रिकॉर्ड है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां कही।

मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान मक्का किसानों से बात की। अजीतमल के जनता महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खिलौने बांटे। एक बच्चा रोने लगा तो उन्होंने से उसे गोद में लिया और खिलौना देकर शांत कराया। योगी ने आईसीआरए के दौरे के बाद कहा कि मकई एक संपूर्ण पौष्टिक आहार है। स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, फ्यूल और बायोवेस्ट के रूप में इसकी उपयोगिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही औरैया में मकई के लिए क्रय केंद्र बनाकर एमएसपी की घोषणा की जाएगी।


जनसभा के दौरान किसानों के साथ नौजवानों की खासी भीड़ रही। अमृत विचार


जनता महाविद्यालय में सभा को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### यूपी में अब बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में गुंडे-माफिया को संरक्षण मिलता था। न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। अब अपराधियों में खौफ है। वे जानते हैं कि अगर बेटियों की सुरक्षा में सेंध मारी, तो अगले चौराहे पर यमराज से मुलाकात होगी। आज यूपी में या तो अपराध होता ही नहीं। अगर होता है तो कुछ ही देर में उसका अनावरण होता है। आज यूपी में बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं।

### लाभार्थियों को चेक और प्रमाण पत्र सौंपे

- औरैया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नारायणी देवी को मिनी बीज किट, राजेश दीक्षित को कस्टम हाउसिंग सेंटर के लिए 2 लाख का चेक, रिशु कुमार को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 5 लाख का चेक, सुमन को आवास स्वीकृत पत्र, गुड्डी देवी को 10 लख रुपये का चेक पंचायत कल्याण कोष की स्थापना के लिए, कांति देवी को 5 लाख का कृषक दुर्घटना बीमा का चेक और मानसिंह को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

- औरैया। जनसभा को संबोधित करने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद का हवाई सर्वेक्षण करते हुए जनपद में किसानों की फसलों को देखा और कहा कि खेतों में लहलहाती फसलों को देखकर यह लगने लगा है कि किसान अपने जीवन को खुशहाल बनाने के लिए तत्पर हैं। वह सरकार द्वारा संचालित कृषि योजना तथा कृषि वैज्ञानिक से जानकारी प्राप्त कर अपने खेतों में उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर दी बधाई

- प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी खूब सराहना की। उन्होंने कहा- 9 जून को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे हो रहे हैं। इन 11 वर्षों में भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां इस गौरवशाली दौर की कहानियां सुनेंगी। इन कहानियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम प्रकाश पुंज की तरह होगा।

### इंटर कॉलेज में एक पौधा मां के नाम लगाया

**औरैया।** मुख्यमंत्री ने जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में एक पेड़ मां के नाम के नाम रोपित किया। कार्यक्रम में लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। साथ ही नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया।

### इन कार्यों का हुआ जिक्र

- औरैया में 272 करोड़ रुपये से रिजर्व पुलिस लाइन की स्थापना।
- 250 करोड़ की लागत से जिला न्यायालय का निर्माण कार्य।
- 24 करोड़ रुपये प्री-प्राइमरी शिक्षा पर खर्च किए जा रहे हैं।
- 3 करोड़ रुपये कृषि विस्तार योजनाओं पर खर्च किए जा रहे।
- औरैया को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का काम प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने औरैया में मेडिकल कॉलेज की मांग नहीं उठाई, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर हमने इसे मंजूरी दे दी। 250 करोड़ की लागत से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो गया है। अगली बार जल्द ही इसके उद्घाटन पर औरैया आऊंगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने महापुरुषों का अपमान किया, जनता के साथ मक्कारी की। हमारी भाजपा की सरकार महापुरुषों और जनता दोनों का सम्मान करती है।

उन्होंने कहा कि काशी का मंदिर जो औरंगजेब ने तोड़ा था, उसे अहिल्याबाई ने फिर से बनवाया। आक्रांताओं से क्षतिग्रस्त देश के अधिकांश मंदिरों को उन्होंने ही दोबारा स्थापित किया। इसीलिए हमने औरैया के विश्वविद्यालय का नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर रखा है।

इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक गुड़िया कठेरिया, पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया, जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भवन प्रकाश गुप्ता, श्रीराम मिश्रा, अजय सिंह चौहान, रिया शाक्य, नीरज गौतम, रिचा राजपूत आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने की दुकानदार के साथ मारपीट

संवाददाता, फफूंद

- मारपीट के साथ ही रुपये लूटने का भी आरोप लगा
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को अस्पताल भेजा

**अमृत विचार।** कस्बा के एक मोहल्ला में शुक्रवार की शाम जिला पंचायत सदस्य ने एक दुकानदार को दबंगई दिखाते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के साथ ही रुपये भी लूटने का आरोप लगा है। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

तहरीर के मुताबिक कस्बा निवासी सुमेंद्र कुमार कस्बे के ही सुधांशु की मोबाइल की दुकान पर बैठा था। वह मोबाइल की दुकान पर काम भी करता है। शुक्रवार की शाम 6:30 बजे जिला पंचायत सदस्य बलवीर राजपूत अपने बेटे आकाश व पृथ्वी और दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ दुकान पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुमेंद्र के साथ जमकर मारपीट की।

आरोप है कि मारपीट के बाद दुकान में रखे 90 हजार रुपये भी लूट ले गए। मारपीट होते देख मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप


सपा कार्यकर्ता को किया गया नजरबंद। अमृत विचार

### सपा छात्रसभा के प्रवक्ता योगेश सिंह को किया नजरबंद

**अयाना।** शनिवार रात पुलिस ने असेवटा निवासी समाजवादी छात्र सभा के प्रवक्ता चौधरी योगेश सिंह को नजरबंद कर दिया। चौकी प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर सपा कार्यकर्ता योगेश चौधरी की ओर से काले झंडे दिखाने व पुतला फूंकने की आशंका थी। इस पर शनिवार शाम से ही उनको घर पर नजर बंद किया गया।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### चोरी के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**फफूंद।** थाना क्षेत्र में दिबियापुर-सहार रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दिबियापुर-सहार मैन रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने इन्हें चोरी की बैटरी के साथ पकड़ा। आरोपियों की पहचान लछियामऊ निवासी विकाश उर्फ छोटू और अधारा डेरा निवासी हिमांशू के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 22 वर्ष है। पुलिस ने आरोपियों से एएनएस कंपनी की 12 वोल्ट, 170 एएच की पीले रंग की बैटरी बरामद की है। जांच में पता चला कि आरोपी हिमांशू के खिलाफ फफूंद थाने में एक मुकदमा दर्ज है। वहीं विकास उर्फ छोटू के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट और अवैध शराब समेत कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।

### पुलिस कर्मियों पर मारपीट करने का आरोप

**दिबियापुर।** दिबियापुर में पुलिस पर आधी रात घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। मारपीट में किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष सोनू यादव, पूजा यादव और मेघ यादव घायल हुए हैं। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गहेसर निवासी सोनू यादव ने बताया कि शनिवार रात पुलिस उनके घर में जबरन घुस आई। पुलिस ने परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान मेघ यादव का पैर टूट गया। किसान यूनियन के प्रदेश सचिव अरविंद त्रिवेदी ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। थाना प्रभारी रुद्र प्रताप त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस जमीन के विवाद के संबंध में गई थी। उन्होंने मारपीट के आरोपों को गलत बताया है।

### बिधूना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**औरैया।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जनपद की तहसील बिधूना में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील बिधूना में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

# थ्रेसर में फंसकर मजदूर की मौत, मचा कोहराम

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के मानिकपुर गांव में एक मजदूर थ्रेसर में फंस गया। जब तक आसपास मौजूद लोगों ने उसे थ्रेसर से निकाला, तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

सोनासी गांव के निवासी शनि कुशवाहा अपनी मां रीता, दो छोटे भाई और दो बहनों का एकमात्र सहारा थे। वह मानिकपुर निवासी आत्माराम के खेत में मूंग की थ्रेसिंग कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक थ्रेसर में फंस गए। ड्राइवर ने मशीन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अनंतराम सुधीर भारद्वाज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिस्त्रियों की मदद से थ्रेसर को खुलवाया और शव को बाहर निकाला।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से चली गई महिला की जान

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू काम करते समय महिला को मिर्गी का दौरा पड़ते ही मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गांव आशा में शनिवार की रात 8 बजे स्व. सुनील कुमार की 35 वर्षीय पत्नी विवेका देवी घरेलू काम करते समय अचानक मिर्गी दौरा पड़ने के बाद बेहोश हो गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि विवेका देवी काफी समय से इस बीमारी से पीड़ित थी। इससे वो अचानक ही बेहोश हो जाती थी। वही मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# घायल युवक की 6 दिन बाद अस्पताल में मौत

संवाददाता, बिधूना

- बहन की विदाई के बाद हादसे में घायल हुआ था युवक
- डंपर चालक पर जानबूझ कर टक्कर मारने का आरोप

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में छह दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल युवक की शनिवार को आगरा के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एरवाकटरा क्षेत्र के नहरा बोझ का यह युवक बहन की विदाई के बाद दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था, तभी रास्ते में डंपर की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

नहरा बोझ निवासी नितेश यादव (24 वर्ष) पुत्र मिलाप सिंह की बहन की एक जून को श्री कुदरकोट में शादी थी। 2 जून को बहन की विदाई के बाद नितेश अपने दोस्त दुर्गेश के साथ बाइक से वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान करीब 1 बजे गपकापुर पुल के पास ऐरवा कटरा की ओर से आए डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया था।


थाने में पुलिस से नोकझोंक करते परिवार के लोग। अमृत विचार

सैफई में भी स्थिति बिगड़ने पर नितेश को आगरा के मधुबन हॉस्पिटल भेज दिया गया था। आगरा में इलाज के दौरान शनिवार देर शाम नितेश ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव गांव लाया गया, जहां रविवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्गेश का अभी सैफई में इलाज चल रहा है। नितेश के साले सनोज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने डंपर चालक पर जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में ऐरवाकटरा थाने पहुंचकर पुलिस पर नाराजगी व्यक्त की।

### कीड़ा काटने से श्रमिक की मौत

**बिधूना।** कस्बा के ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की कीड़े के काटने से मौत हो गई। बेला थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर निवासी संतोष कुमार (45) शनिवार दोपहर भट्टे में काम कर रहे थे। इसी दौरान कीड़े ने उन्हें काट लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएससी ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद परिजन वापस ले आए। परिजनों ने झाड़-फूंक भी कराई, लेकिन देर रात मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष गंगादास पर पहुंचे और मामले की जांच की। संतोष के परिवार में पत्नी ममता और दो बेटियां काजल और नैना के साथ तीन बेटे प्रेम, अंश और अनमोल हैं।

**अगले माह बैठक** | दिबियापुर में विप्र वंश की मासिक मिलन बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार

# बच्चों को संस्कार, नैतिक शिक्षा देने पर जोर

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** नगर के बेला रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में विप्र वंश की मासिक मिलन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार पाठक ने की। बैठक की शुरुआत पंडित राजेश पांडेय ने वैदिक विधि से की।

बैठक में समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि समाज में वैवाहिक संबंधों को सहज बनाया जा सके। वक्ताओं ने समाज के बच्चों में संस्कार, नैतिक शिक्षा एवं सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता जताई। विप्र वंश के संयोजक महेश पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अगली बैठक 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विप्र समाज की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में पंडित रमेश चंद्र तिवारी, पंडित शिवशरण शर्मा, पंडित राजेश पांडे, पंडित श्यामसुंदर द्विवेदी, सुरेश चंद्र दुबे, शिवकुमार द्विवेदी, वेदनारायण शुक्ला, रमेश कुमार शुक्ला, प्रभाकर नारायण अवस्थी, कृष्ण चंद्र पांडे, अश्विनी कुमार अवस्थी, प्रमोद कुमार तिवारी, हरिओम बाजपेई, जय गोपाल पाण्डेय आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे।


बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे विप्र समाज के लोग। अमृत विचार

# युवक की फर्श पर गिरकर मौत

**बिधूना।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के अचानकपुर में छत पर सो रहा युवक लघुशंका के लिए उठा, तभी पैर फिसलने से वह नीचे फर्श पर जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गये, जहां सैफई ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

अचानकपुर निवासी सुमित कुमार बीती रात अपनी पत्नी शालू और दो बच्चों के साथ मकान की छत पर सो रहे थे। रात में लघुशंका के लिए उठने के दौरान वह छत से नीचे गिर गए। पत्नी शालू को जब पति नजर नहीं आए तो उन्होंने नीचे देखा। सुमित पक्के फर्श पर अचेत पड़े मिले। परिजन तुरंत सुमित को इटावा के अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। रास्ते में ही सुमित की मौत हो गई। सुमित के दो बच्चे शिवम और सृष्टि हैं।

# मक्का व उड़द-मूंग से जागी आस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- भाकियू की शासन से किसानों को आर्थिक मदद की गुहार

**अमृत विचार।** प्राकृतिक प्रकोप एवं फसलों की मंदी के कारण आर्थिक तंगी और कर्जदारी से जूझ रहे बिधूना तहसील क्षेत्र के किसानों ने इस बार मक्का के साथ उड़द, मूंग की फसल से आर्थिक तंगी से उबरने का प्रयास किया है, लेकिन कृषि में बढ़ी लागत से किसान परेशान नजर आ रहे ऐसे में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेताओं ने शासन से आर्थिक तंगी से परेशान किसानों को कृषि उत्पादन के लिए आर्थिक मदद देने की मांग की है। वैसे फसलों का बाजार भाव बेहतर मिलने के कारण क्षेत्र में इन फसलों का इस बार बड़े पैमाने पर उत्पादन देखने को मिल रहा है।

कहने को यूं तो पिछले लंबे अर्से से विभिन्न प्राकृतिक प्रकोपों के साथ आवारा पशुओं की समस्या के चलते बिधूना तहसील क्षेत्र में किसान बुरी तरह तबाह और परेशान हो गए आलम यह है कि क्षेत्र के ज्यादातर किसान व खेतिहर मजदूर कृषि को घाटे का सौदा मानकर रोजी-रोटी के लिए शहरों में पलायन भी कर चुके हैं और जो किसान आज तक कृषि पर आधारित हैं वह आर्थिक तंगी और कर्जदारी से जूझते नजर आ रहे हैं। इस बार बिधूना तहसील क्षेत्र के किसानों ने गर्मी की मक्का के साथ ही उड़द मूंग की फसल उत्पादन के माध्यम से अपनी आर्थिक तंगी और कर्जदारी से उबरने का प्रयास किया है इसी के चलते क्षेत्र में इस बार बड़े भूभाग पर उपरोक्त फसलें खड़ी नजर आ रही है। आवारा पशुओं की समस्या के कारण इस क्षेत्र में अरहर का उत्पादन लगभग शून्य सा हो गया है जिसके चलते दलहनी फसल की समस्या से निपटने के लिए उड़द मूंग का उत्पादन बेहतर माना जा रहा है। हालांकि भीषण गर्मी के चलते गर्मी की मक्का के साथ फसलों में अधिक पानी लगने के कारण कृषि उत्पादन की लागत भी अधिक आती है लेकिन इन तीनों फसलों में यदि कीटों का या कोई प्राकृतिक प्रकोप ना हो तो इन फसलों का उत्पादन बेहतर होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव, भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश सचिव अनिल यादव, जिला प्रभारी धर्मवीर सिंह यादव, भाकियू अराजनैतिक के जिला प्रवक्ता डॉ धीरेंद्र सिंह सेंगर, डॉ आदर्श यादव, तहसील अध्यक्ष दयाकृष्ण नीटू यादव, अनिल कुमार सिंह सेंगर गिन्नी, करन सिंह शाक्य आदि किसान नेताओं ने शासन से आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों को कृषि उत्पादन के लिए आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है।

# धूप की तपिश से सड़कों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मौसम का मिजाज बदलने से फिर बढ़ने लगा तापमान
- आसमान से बरसी आग, लू के थपेड़ों से लोग घरों में कैद

**अमृत विचार।** एक बार फिर मौसम के करवट लेने से अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया और न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे तेज धूप और तपिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। लोगों का भीषण गर्मी और तपन से बुरा हाल है। आसमान से बरस रही आग और लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है।

गौरतलब है कि माह मई के अंतिम दिनों में कभी बारिश होने तो कभी आसमान मे बादल छाए रहने से पारा लुड़क कर 39 डिग्री सेल्सियस पर थम गया था। लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिल गई थी। दिन में चलने वाली गर्म हवाएं भी थम गई थी, लेकिन करीब एक सप्ताह से धीरे धीरे गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। गर्मी के साथ साथ लू के थपेड़े भी अब खूब चल रहे है। हालत यह कि सुबह 8:00 बजे से ही तेज धूप और तपिश के चलते दोपहर जैसा माहौल दिखने लगता है और दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक गर्मी के पूरे शवाब पर पहुंच जाने से लोग घरों में कैद हो जाते है।

रविवार का दिन होने के कारण कार्यालय बंद होने और गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। शाम पांच बजे तक लोग तेज धूप के चलते बाहर नही निकले, जरूरत पड़ने पर इक्का दुक्का लोग सड़कों पर दिखाई दिए। शाम पांच बजे के बाद भी तपिश और गर्म हवाओं का असर दिखाई दिया। एक बार फिर मौसम के बदल जाने से गई गर्मी ने लोगों को रुलाया।



रविवार को सड़क पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

## सेल्समैन के खिलाफ मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** क्षेत्र के निवादा गांव के ओपेंद्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रात में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बिवांर-मौदहा रोड पर बीयर लेने गया था।

रात 10 बजे के बाद सेल्समैन अधिक रेट पर बियर दे रहा था। रेट से अधिक 50 रुपये ले रहा था। उसके बीयर की मांग की करने पर रेट से अधिक रुपये न देने से नाराज हो गया और बीयर देने से इनकार कर अभद्रता करने लगा। विरोध के करने पर सेल्समैन ने फोन से अपने 10 साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में सेल्समैन के खिलाफ तहरीर दी है। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी से उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

संवाददाता, सुमेरपुर

- सुबह से ही अस्पताल की ओपीडी में पहुंच रहे मरीज
- नौतपा के बाद मौजम के मिजाज में आई गरमी

**अमृत विचार।** मौसम का बदलाव लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है। उल्टी दस्त के मरीजों में अचानक इजाफा हुआ है। सुबह से ही अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

नौतपा के बाद मौसम का बदलाव कहर बरपा रहा है। भीषण गर्मी पड़ने से लोग उल्टी, दस्त, अपच के शिकार होकर अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की भरमार है।

कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को छुट्टी के बावजूद सुबह 10 बजे तक उल्टी दस्त के शिकार एक दर्जन मरीज आ चुके थे दो की हालत खराब होने के कारण उनका भर्ती करके उपचार किया जा था जबकि अन्य को दवा देकर घर भेज दिया गया था। इमरजेंसी में मौजूद डॉ.बिंदेश कुमार ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव से उल्टी, दस्त, अपच के मरीज बढ़े हैं। ओपीडी में भी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है।



पीएचसी में भर्ती उल्टी-दस्त के मरीज। अमृत विचार

# पति की मौत की खबर सुन पत्नी ने मायके में दी जान

## पति ने सरीला में खाया जहर, दूसरे दिन पत्नी ने लगाया फंदा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एक साल से पति-पत्नी एक दूसरे से रह रहे थे अलग
- पति की शराब की लत ने बर्बाद कर दी दोनों की जिंदगी

**अमृत विचार।** पति के शराबी होने से आहत होकर पत्नी मायके आ गई, उधर पति ने घर में जहर खाकर जान दे दी। पति के आत्महत्या की खबर मिलने पर पत्नी ने भी मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवती की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

चरखारी कोतवाली क्षेत्र के गौरहरी गांव निवासी करन प्रजापति ने अपनी बेटी प्रियंका की शादी दो साल पहले हमीरपुर जिले के सरीला कस्बा निवासी केशव प्रजापति से की थी। केशव शराब पीने का आदी था। आए दिन शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिससे एक साल पहले पत्नी प्रियंता अपने मायके आ गई थी और माता-पिता के साथ रह रही थी। कई बार पति ने उसे बुलाने का प्रयास किया। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की गई, लेकिन केशव की शराब न छूटने से बात नहीं बनी।

केशव पत्नी को लाने के लिए प्रयास करने लगा, लेकिन शराबी पति की हरकतों से आहत पत्नी ने जाने से मना कर दिया, जिससे पति परेशान रहने लगा। उसने शनिवार को घर में जहर खाकर जान दे दी। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी परेशान हो गई और उसने भी रविवार को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।



दो साल पहले शादी के समय पति-पत्नी। (फाइल फोटो)।

## गैराज का ताला तोड़ते चोर धरा

**राठ।** कस्बे में अभी सराफा व्यवसायी के घर हुई लूटा का पूरी तरह से पर्दाफाश भी नहीं हुआ था कि सोमवार की सुबह दो चोरों ने दिनदहाड़े एक गैराज का ताला तोड़ने का प्रयास किया। राहगीरों ने जब ताला टूटते हुए देखा तो आरोपी एक युवक को पकड़ लिया। जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। गैराज मालिक ने पुलिस को सूचना दी है।

कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी ब्रजेंद्र कुमार पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जीआरवी स्कूल के सामने उनका काव्या मोटर्स के नाम चार पहिया गाड़ियों का गैराज है। रविवार की सुबह करीब पौने आठ बजे दो अज्ञात युवक उसके गैराज का ताला तोड़ रहे थे। इसी दौरान राहगीरों ने जब ताला टूटते हुए देखा तो आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान एक आरोपी बदमाश युवक भागने में सफल रहा। जबकि दूसरे को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़ित गैराज मालिक ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया जांच करा कार्रवाई की जा रही है।

# गोवंश का सिर मिलने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बकरीद त्योहार की रात को हमीरपुर रोड स्थित काशीराम कालोनी के पास एक पार्क में गोवंश का सिर कटा पड़ा होने की सूचना पर हिन्दू संगठन एक जुट हो गए और गोवंश का सिर काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ लोग इसे बकरीद त्योहार से जोड़कर धार्मिक रंग देने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस-प्रशासन की सक्रियता और पशु चिकित्सकों की आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच्चाई सामने आ गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हुआ कि गोवंश की मौत 48 घंटे पहले हो चुकी थी और सिर को गलियों में घूमने वाले कुत्ते खींचकर लाए थे। पुलिस ने पशुपालक की पहचान कर ली है और लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बकरीद त्योहार के मौके पर रात में एक गोवंश के बछड़े का सिर काशीराम कालोनी के पास एक पार्क में पड़े होने की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। हिन्दू संगठनों द्वारा इस पर कड़ी आपत्ति जताई गई। जिससे माहौल तनाव पूर्ण होने से पहले पुलिस के आला अधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए स्वयं मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी, और पशुपालक की जानकारी कर उससे भी पूछताछ की। जिससे पुलिस ने सच्चाई सबके सामने ला दी, और लोगों से किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने की अपील की। इसक बाद मामला शांत हुआ। एसपी प्रबल प्रताप सिंह, एएसपी वंदना सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता को समझते हुए तीन पशु चिकित्सकों की टीम से मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह साफ हुआ कि बछड़े की मृत्यु 48 घंटे पहले ही हो चुकी थी और उसके सिर को आवारा कुत्ते घसीटकर पार्क तक ले आए थे। पुलिस ने मृत पशु के पशुपालक की पहचान करने के बाद उससे भी जानकारी ली। पूछताछ में यह भी सामने आया कि हाल के दिनों में आवारा कुत्तों द्वारा मवेशियों और कभी.कभी लोगों पर भी हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं।



मौके पर लोगों से पूछताछ करते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

### पुलिस कप्तान बोले, 48 घंटे पहले हुई थी मौत

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि काशीराम कालोनी के समीप एक बछड़ा का सिर पड़ा मिला। रात में ही तीन डाक्टरों के पैनल से पास्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपार्ट में स्पष्ट हुआ यह बछड़ा 48 घंटे पहले मर चुका था। सभी पहलुओं पर जांच की गई। पशुपालक से बातचीत करने से पता चला कि आवारा जानवर सिर पार्क में खींच लाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## सांप के डसने से किसान की मौत

**महोबा।** पनवाड़ी क्षेत्र के रिछा गांव में खेत की जुताई करते समय एक किसान को सांप ने डस लिया, जिससे वह गिर कर बेहोश हो गया, आसपास के लोगों ने घर पर सूचना दी। किसान का दामाद उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी ले जाने की तैयारी कर रहा था, तभी उसकी मौत हो गई।

ग्राम रिछा निवासी रमाकांत 27 अपने खेत में जुताई कर रहा था, उसी समय सांप ने उसे पैर में काट लिया। जिससे वह खेत में गिरकर बेहोश हो गया। आस पास के लोगों ने सांप को जाते देखा, और परिजनों को सूचना दी। लेकिन शरीर में तेजी से जहर फैल जाने के कारण गाड़ी आने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सुगिरा मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक 11 से

**कुलपहाड़।** जैतपुर ब्लाक क्षेत्र के सुगिरा मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक लाड़पुर में 11,14 एवं 18 जून को होगी। समिति के कार्यवाहक सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि सुगिरा मत्स्यजीवी सहकारी समिति की बैठक न्याय पंचायत लाडपुर ग्राम में जुगल किशोर मंदिर के पास 11, 14 एवं 18 जून को आयोजित होगी।

## समरगाथा व सूरमाओं की धरती का विमोचन

**हमीरपुर।** जंगे आजादी के इतिहास को रेखांकित करने वाली कृतियों का कानपुर में विधानसभा अध्यक्ष के कैंप कार्यालय में विमोचन किया गया। इन कृतियों में 1857 से 1947 तक नब्बे वर्षों के स्वतंत्र समर को उतारा गया है।

वर्णिता संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने जंगे आजादी के इतिहास को रेखांकित करने वाली समरगाथा व सूरमाओं की धरती नामक दो कृतियों की रचना की है। इन कृतियों में हमीरपुर, महोबा और उरई जालौन के 1857 से 1947 तक नब्बे वर्षों के स्वतंत्र समर को कलम की नोक पर उतारा गया है। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कानपुर के कैंप कार्यालय में समरगाथा और सूरमाओं की धरती नामक दोनों कृतियों का विमोचन किया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54 वें जन्मोत्सव पर रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में जिला अस्पताल में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन कर हिन्दू महासभा के लोगों ने बढ चढ कर रक्तदान किया। रक्तदान की शुरुआत विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनारायन सिंह महाराज ने की। रक्तदान कार्यक्रम के मौके पर महासंघ के लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

रविवार को सुबह से ही विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान करने के लिए जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां पर विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान में बढ चढ कर हिस्सा लिया। जिले में विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जन्मोत्सव साप्ताहिक रूप में मना रहा है। इस मौके पर विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरि नारायन सिंह महाराज ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह एक सबसे बड़ा पुन्य का काम है। उन्होने कहा कि आपके द्वारा दिए गए रक्त से लोगों की जान बच सकती है। प्रदेश मंत्री दीपक शुक्ला ने कहा कि समय समय पर रक्तदान के कार्यक्रम होना चाहिए। उन्होने बताया कि वह कई बार रक्तदान कर चुके है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. राजेश भट्ट ने कहा कि रक्तदान कराने से खून की कमी नही होती है, बल्कि नया खून तेजी से बनता है। इस मौके पर समाज सेवी शिव कुमार गोस्वामी, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भागीरथ नगायच, मनीष तिवारी, प्रदीप सिंह, हिमांशु शर्मा, राहुल शर्मा, सौरभ तिवारी, नितिन पारासर, आशीष शुक्ला आदि रहे।



रक्तदान करते हरि नारायन सिंह महाराज। अमृत विचार

# निजी भूमि पर दबंग कर रहे मौरंग का अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पीड़ित किसान ने सदर विधायक से सुनाया अपना दुखड़ा

**अमृत विचार।** मुख्यालय के नौबस्ता निवासी दलित किसान अजय कुमार ने सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को कनौटा दरिया में निजी कृषि योग्य खेतों से दबंगो द्वारा रास्ता बना कर मौरंग का अवैध खनन करने की शिकायत की। किसान ने अवैध खनन रोकने व खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने की गुहार लगाई है।

पीड़ित किसान अजय कुमार ने विधायक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कनौटा दरिया में बेतवा नदी के किनारे स्थित आधा दर्जन गाटाओं में कृषि योग्य भूमि है। इन भूमि में वह विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन प्रति वर्ष करते है। इस वर्ष फ़सल कट जाने के बाद ग्राम शीतलपुर निवासी गोली सिंह पुत्र कालीचरण, रामजस व उनके साथियो द्वारा खेत मे रास्ता बना ली। साथ ही खेत किनारे बनाई गई मेड क्षतिग्रस्त कर मौरंग का अवैध खनन किया जा रहा है। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर जानमाल की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि विगत माह मई में सीएम पोर्टल मे शिकायत कर मौरंग का अवैध खनन रोकने व आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई थी। सीएम कार्यलय से जांच कर आख्या मांगी गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियो ने लीपापोती कर दी।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### संसार में गुरु से बड़ा कोई भी नहीं

**महोबा।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के मोहल्ला कटकुलवापुरा स्थित कबीर आश्रम में अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन समिति प्रमुख डा. एलसी अनुरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सत्संग में वक्ताओं ने कबीरी दोहो के माध्यम से जीवन जीने का मार्ग बताया साथ ही श्रीमद् भागवत गीता की व्याख्या करते हुए कृष्ण द्वारा पीपल वृक्ष रोपित करने के अनंत फल बताए। सतसंग के मौके पर समिति प्रमुख एवं साईं डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. लालचंद्र अनुरागी ने कहा कि मनुष को परमात्मा पर भरोसा रख कर बिना किसी फल की आशा से गरीबों की सेवा और परमात्मा की भक्ति करना चाहिए। एसे भक्त को गुरू जन्म मृत्यु के सागर से पार लगाते है। संसार में गुरू से बड़ा कोई नही है। जैसा की कबीर ने कहा कि तीन लोक नौ खंड में गुरू से बड़ा न कोए, कर्ता करे न कर सके गुरू करै सब होए। सतसंग में बुंदेली कवि विदेश विद्यासन ने स्वरचित रचना सुनाई। खेल खेल में खोना जावै, ककरन में हीरा रे। पूर्व प्रवक्ता कामता चैरसिया ने भजन सुनाया। साध्वी सुनीता अनुरागी ने कहा कि 32 देशों में कबीर वाणी पर सोर हो रहा है। उन्होने कबीर के दोहे सुनाए। इस मौके पर भरत अनुरागी, चंदन, रामस्वरूप, रामदीन अनुरागी, लखन लाल चैरसिया, इंद्रजीत सिंह सहित तमाम कलाकारों ने भजन और दोहे सुनाकर माहौल बदल दिया।



वाहन चालकों को जानकारी देते टीआई। अमृत विचार

### चेकिंग में 41 वाहनों पर कर्रवाई

**महोबा।** जिले में यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोक लगाये जाने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के लिए प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को जिले में यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट लगाकर चलने वाले चालकों और तीन सवारी बैठाने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर चलाए गए चेकिंग अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध तथा ई .रिक्शा चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 41 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन ;चालानद्ध की कार्रवाई की गई है। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया गया तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की गई। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से लोगों में हड़कंप मचा रहा। तमाम वाहन चालक चेकिंग को देख कर इधर उधर खिसक गए। किसी ने रास्ता बदल दिया, तो कई वाहन चालक पुलिस के डर से वाहन बैक करके दूसरे रास्तों से निकल गए। इसके बाद भी पुलिस ने तमाम लोगों के खिलाफ नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने पर कार्रवाई की।

सम्मेलन | संविधान बचाओ सम्मेलन में वक्ताओं ने रखे विचार, बोले-संविधान हमारे वर्षों की मेहनत का नतीजा

# संविधान से ही मिली अभिव्यक्ति की आजादी : धुरिया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रविवार को आल्हा चौक गांधीनगर स्थित गुड्डू के आवास पर संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने किया। सम्मेलन में संविधान बचाओ को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा हमारा संविधान हमारे वर्षों की मेहनत का नतीजा है। संविधान से हमें समानता स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति जैसी स्वतंत्रता प्राप्त हुई है आज हम सरकार की गलत और जन विरोधी नीतियों एंव तानाशाही का विरोध कर रहे हैं वह भी हमें संविधान से ही प्राप्त है। उन्होने कहा कि संविधान में सभी को स्वतंत्रता दी गई है। कहा कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित दस्तावेज है, जो शक्तियों, कर्तवयों और नागरिकों के अधिकारों व कर्तवयों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है।

कांगेस नेता राहुल मिश्रा ने कहा कि पार्टी में अनुशासन जरूरी है जो लोग पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों को पार्टी में जगह नहीं मिलना चाहिए। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कुंवर राकेश सिंह ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे श्रेष्ठ संविधान है इसे कोई भी सरकार बदल नहीं सकती। डॉ प्रमोद निरंजन ने कहा संविधान में समानता और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है सरकार हमारे अधिकारों को छीनना चाहती है

अरविंद द्विवेदी ने कहा कि हमारे महापुरूषों ने संविधान को रात दिन मेहनत करके बनाया है हमारे संविधान को आसानी से कोई सरकार बदल नहीं सकती। राजीव खान ने कहा कि जो लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर देवदत्त तिवारी, राहुल मिश्रा मुकेश सक्सेना, अंकुर कुमार पाराशर, प्रिंस मंसूरी, कुंवर राकेश सिंह, देशराज रैकवार, पंकज रैकवार, बलदेव प्रसाद एडवोकेट, डॉ राकेश सिंह टिकैत, अरविंद कुमार चौधरी, डॉक्टर प्रमोद कुमार निरंजन, अजीज खान और कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।




सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया। अमृत विचार



सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

## नमामि गंगे कर्मचारियों के साथ मारपीट

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पत्योरा गांव में छह जून को नमामि गंगे कर्मचारियों के मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

लीकेज सही करते समय पत्योरा के शिवरामपुर मजरे के कुछ लोगों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जिसमें महिलाएं भी डंडों से पीटती नजर आईं। पीड़ित रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी ने एक न सुनी। जब काम कर रही सभी कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो किसी तरह से पीड़ित को बचाकर चौकी लाए। जहां चौकी बंद होने पर वह फोन करने लगे। तभी उक्त ग्रामीण वहां भी पहुंच गए और चौकी के बाहर मारपीट करने लगे। चौकी पुलिस के आने पर उक्त ने जमकर ड्रामा किया। किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत किया गया। इस मारपीट का वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि इस संबंध में किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# शराब की पार्टी के दौरान चली गोली से युवक की गई जान

## एक दोस्त हिरासत में, अन्य दोस्तों की तलाश में जुटी पुलिस, परजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक अपने साथियों के साथ एक खेत में शराब-गांजे की पार्टी कर रहा था, कि इसी दौरान एक युवक के तमंचे से गोली चलने से उसकी जान चली गई।

पारस वर्मा (25) पुत्र प्रेमशंकर अपने दोस्तों मैकू, करण, सुभाष यादव और पुत्तन के साथ शराब पीने के बाद खेत में सुनसान स्थान पर तालाब के पास गांजा पी रहा था। मैकू तमंचा लिए था। जानकारी के मुताबिक, पारस बीच-बीच में मोबाइल में बातें कर रहा था। इस पर मैकू उसे मना कर रहा था। इसी दौरान गोली चल गई जो पारस वर्मा के पेट में जा धंसी। यह देखकर सभी दोस्तों का नशा काफूर हो गया। आनन-फानन में ये लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत के बाद बाकी दोस्त मौके से भाग निकले। सूचना पर पुलिस और परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दो दोस्तों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर रही है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं। समाचार लिखे जाने तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी थी। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी। अगर कोई तहरीर मिलते है तो उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।


अस्पताल में घटना की जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।


पारस वर्मा। मुख्य आरोपी मैकू। पारस का दोस्त करन।

### कुछ दिन पहले ही जेल से लौटा था युवक

पुलिस के अनुसार, पारस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया है।

### हादसा या साजिश, अभी कह नहीं सकते

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उसके दोस्त करन से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह हादसा है या जानबूझकर साजिशन हत्या की गई है, यह जांच का विषय है। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी कुछ अन्य दोस्तों को भी पकड़ा जाना है।

### पूर्व प्रधान का पुत्र था पारस

पारस का परिवार संपन्न है। वह अपने भाइयों अनुराग, रोहित और बड़कू में सबसे छोटा था। तीनों भाइयों की शादी हो चुकी है। मृतक के पिता प्रेमशंकर पहाड़ी ब्लाक के भभेंट गांव से प्रधान रह चुके हैं।

### पहले निजी अस्पताल ले गए

बताया जाता है कि अचानक गोली लगने से युवक के घायल होने से सभी का नशा काफूर हो गया। पुलिस तक बात न पहुंचे, इससे ये लोग युवक को पहले स्टेशन रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि वहां से चिकित्सक ने इनको जिला अस्पताल ले जाने को कह दिया।

# अलग-अलग मामलों के 15 वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने 15 वारंटी आरोपियो को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी ने अरविंद्र कुमार पटेल निवासी तालातीर मजरा मडैयन व लाला कोल निवासी ग्राम गब्देलहा को, चौकी सीतापुर के एसआई मेवालाल मौर्या ने बिहारी लाल निषाद निवासी टिकुरा कपसेठी, एसआई विजय कुमार ने सुनील निवासी चकजाफर, एसआई हर्षित मिश्रा ने बच्चा उर्फ साहिल राज यादव निवासी लोढ़वारा कालोनी, एसआई गौरव तिवारी ने विजय द्विवेदी निवासी कोठी तालाब , एसआई मेवालाल मौर्य ने भोला प्रसाद निवासी कैंप का पुरवा, एसआई अरविंद्र पांडेय ने कुलदीप निवासी ग्राम नैनी थाना सरधुआ, एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह ने भंगूराम निवासी महुआ गांव, एसआई अखिलेश कुमार ने गुड्डू निवासी भुजौली , चौकी प्रभारी सरैंया रामाधार सिंह ने विभव तिवारी , मारकुंडी थाने के एसआई कैलाश ने रामखेलावन निवासी किलाबाग सीतापुर, एसआई अभिनव प्रताप सिंह ने देवराज निवासी ग्राम जमहिल, अपराध निरीक्षक राजकुमार ने संजय नामदेव निवासी बलदाऊगंज और एसआई अनिल कुमार ने वारंटी महेंद्र उर्फ रमेश निवासी पियरा मजरा खंडेहा को गिरफ्तार किया।

# अस्थाई बस स्टैंड बंद करने पर अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ट्रैफिक चौराहे के पास संचालित बस अड्डे को बंद करने के निर्णय पर प्रशासन की आलोचना जारी है। अब अधिवक्ताओं ने भी इस मुद्दे पर आपत्ति और नाराजगी जताई है। उनका कहना है पुराने वाले बस अड्डे को पुनः चालू कराया जाये ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

गौरतलब है कि शुक्रवार शाम बस अड्डे पर पाइपों की बैरीकेडिंग कराकर इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। इसके साथ ही सूचना पट लगाया गया, जिसमें लिखा है, अस्थाई बस स्टैंड समाप्त यात्रीगण बेड़ी पुलिया स्थायी बस स्टैंड से संचालित बसों से यात्रा कर सकते हैं। उल्लंघन करने पर नियमानुसार जुर्माना/विधिक कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन के इस निर्णय को लेकर मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। हालांकि इस मुद्दे पर विरोध के स्वर ज्यादा मुखरित हैं। अब अधिवक्ताओं ने भी बस स्टैंड स्थानांतरित किए जाने पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। साथ ही अधिवक्ताओं का कहना है कि हम लोगों की पूरी कोशिश होगी कि बस अड्डा पुनः चालू हो सके।

### जिलाधिकारी से करेंगे मुलाकात : रामप्रकाश



एडवोकेट काउंसिल आफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने कहा कि कर्वी का अस्थायी बस स्टैंड बंद किए जाने से आम आदमी के साथ अधिवक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बस अड्डा यहां होने से बहुत सहूलियत होती है। रात बिरात लोगों को बस पकड़ने में सहूलियत होती है। इसे बंद करने का निर्णय ठीक नहीं लग रहा। कहा कि वह जल्द ही जिलाधिकारी से भेंट कर विषय पर बात करेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि निर्णय पर दोबारा सोंचें।

### एकांत में होने से लोगों को होगी दिक्कत : रामकृष्ण



अधिवक्ता रामकृष्ण ने कहा कि नया बस अड्डा मेन मार्केट, कचहरी और शहर से काफी दूर एकांत में बना है, जहां पहुंचने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। तड़के और रात में नये बस अड्डा से आने जाने के लिए ई-रिक्शा समेत अन्य वाहन भी नहीं मिलते हैं। नया बस अड्डा ऐसी जगह पर बना हुआ है, जहां पर लोगों का आना-जाना भी नहीं होता है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, मरीजों और वादकारियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना कठिन होगा।

### सभी को आगे आना होगा : विनय पाल



हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय कुमार पाल एडवोकेट ने कहा कि यह सरासर अधिकारियों की मनमानी है। 2012 तक कोई अफसर अपनी मनमानी कर नहीं सकता था। पर अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर लोगों को जोड़ा जाएगा और विरोध किया जाएगा। उन्होंने लोगों ने अपील की कि वे इस निर्णय का विरोध करने के लिए एकजुट हों। बताया कि निर्णय के विरोध में वह लोगों को जागरूक करेंगे और पूरी कोशिश करेंगे कि बस अड्डा फिर से यहीं संचालित हो। अगर यहां पर फिर से बस अड्डा चालू हो जायेगा तो यह लोगों की बड़ी जीत होगी और इससे लोगों आने जाने में सुविधा भी मिलेगी।


चयनित अभ्यर्थियों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

# 15 जून को बांटे जायेंगे पुलिस के नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

- नियुक्ति पत्र वितरण संबंधी बैठक

**अमृत विचार।** लखनऊ में 15 जून को आरक्षी नागरिक पुलिस के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बैठक की। एसपी ने बताया कि इस मौके पर 97 अभ्यर्थी मौजूद रहे। इनको बताया गया कि वे अपने साथ पहचान पत्र रखें। सभी को यहां से बस से ले जाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइंस अरविंद्र वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण,प्रदीप पाल मौजूद रहे।

# दृष्टिबाधितों के लिए पाठ्यक्रम प्रारंभ हुए

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीए, बीएड का विशेष शिक्षा (दृष्टिबाधित) पाठ्यक्रम प्रारंभ हुआ है। पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। विवि से मिली जानकारी के अनुसार, यह एक एकीकृत अध्यापक शिक्षा (विशेष शिक्षा) का चार वर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्र दो उपाधियां (बीए, बी.एड. विशेष शिक्षा) प्राप्त कर सकते हैं। बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। बताया गया कि आरसीआई से देश में केवल चार संस्थानों को इस पाठ्यक्रम की मान्यता है। प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए विवि की आधिकारिक वेबसाइट या स्टूडेंट हेल्प डेस्क के दूरभाष नंबरः 07670265394 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

# सभी वर्ग के लोगों को संगठन में मिलेगा स्थान : आदित्य

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को पहाड़ी व चित्रकूट ब्लाक की बैठकें हुईं। इनमें कोआर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडेय ने बताया कि सभी वर्गों के लोगों को संगठन में स्थान दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि पार्टी गांवों में नए सिरे से संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय ने कहा हम सभी को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए राहुल जी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कौशांबी जिले में पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे परिवार को पीटा। यह बहुत ही निंदनीय है। प्रदेश में गुंडाराज कायम है। गज्जू प्रसाद फौजी ने कहा कि जनता जब न्याय की बात करती है तो पुलिस के दम पर उसकी आवाज दबाने का काम किया जाता है। विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि जिले में जनता बिजली पानी की समस्या से जूझ रही है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं। बैठक में रामकृपाल वर्मा, जगजाहिर पटेल, विनय सिंह चौहान, कामता प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र सिंह, इंद्रजीत उपाध्याय, दयाराम वर्मा, श्यामसुंदर, मोहन सिंह, शिवम सिंह चौहान, दीपक सिंह, नरेंद्र कुमार यादव, बच्चा लाल वर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, लवकुश सिंह, राम प्रकाश, ओमप्रकाश, हरिओम पांडेय आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।


संगठन सृजन अभियान के दौरान मौजूद कांग्रेसी। अमृत विचार

# पुलिस ने रुकवाई तीन नाबालिगों की शादी

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

- दो सगी बहनों की रैपुरा थाना क्षेत्र के गांव में हो रही थी शादी
- भौंरी के पास भी एक कम उम्र की बालिका की शादी रोकी गई

**अमृत विचार।** रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग दो बहनों की शादी पुलिस और चाइल्डलाइन की तत्परता से रुक गई। पुलिस पहुंची तो बाराती भाग खड़े हुए। एक अन्य जगह पर भी नाबालिग की शादी को रोक दिया गया।

जानकारी के मुताबिक बीते दिन रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ही घर के दो सगे भाइयों के साथ दो बहनों की शादी हो रही थी। दोनों नाबालिग थीं। बताते हैं कि दुल्हनों को विदा कराने के लिए बाराती धूमधाम से बारात लेकर गांव पहुंचे। जनवासे में नाश्ता पानी हुआ और बारात कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंची। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस और चाइल्ड लाइन टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख बाराती भाग निकले। टीम शादी रुकवाकर दुल्हन बनीं दोनों नाबालिगों और पिता को वन स्टाप सेंटर ले गई। चाइल्ड टीम कोआर्डीनेटर विशेष त्रिपाठी ने बताया कि तीन और साथियों के सहयोग एवं रैपुरा पुलिस की मदद से गांव पहुंचकर शादी को रुकवाया गया।

बताया कि इसी टीम के वापस रैपुरा से आने पर रास्ते में सूचना मिली कि रैपुरा थाना क्षेत्र के ही एक अन्य गांव में भी एक नाबालिग का विवाह हो रहा है। इस पर टीम वहां भी पहुंची और शादी को रुकवाकर बालिका को वन स्टाप सेंटर ले गई।

# दबंगों के हमले में बच्चे व महिला समेत पांच घायल

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

- एसओ बोले, गिरफ्तारी कर की जाएगी कड़ी कार्रवाई
- पीड़ित परिवार की महिला पहले से है प्रयागराज में भर्ती

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौंजा गांव में शनिवार देर रात दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें एक बच्चे और एक महिला समेत पांच लोग घायल हुए हैं। परिवार की एक महिला सड़क दुर्घटना में घायल है और प्रयागराज में भर्ती है। एसओ ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

इस संबंध में पीड़ित परिवार के सदस्य और घायल कुलदीप यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात वह भाइयों के साथ घर जा रहा था। रास्ते में मिले बुद्धविलास ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर उसे और उसके भाइयों के साथ बुद्धविलास, उसके भाई जंगी, बहदुरा, पिंटू , अखिलेश ने लाठियों से मारापीटा। बचाने पहुंचे सिवकरण पुत्र रामसजीवन, सुमित्रा पत्नी गौकरण, शुभम पुत्र राजकरण और सुमित पुत्र गौकरण को भी जमकर मारा। उसने बताया कि दबंगों ने बच्चे तक को नहीं छोड़ा। गौकरण की हालत गंभीर बताई जा रही है। गौरतलब है कि पीड़ित परिवार की महिला लैची देवी बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी,लैची के दो बेटे राजकरण, व जयकरण अपनी मां की देखरेख के लिए प्रयागराज में हैं। इस संबंध में एसओ पंकज तिवारी ने बताया कि कुलदीप की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



दबंगों की मारपीट से घायल लोग। अमृत विचार

# ऑटो पलटा, आधा दर्जन लोग घायल

**मौदहा।** सवारियां भरकर कस्बे आते समय रेलवे ट्रैक पर बने अंडर ब्रिज के नीचे ऑटो पलटने से आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। आनन-फानन राहगीरों की मदद से सभी को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।रविवार की दोपहर परछट गांव से सवारियों से भरा ऑटो कस्बे की ओर आते समय रेलवे ट्रैक पर बने अंडर ब्रिज के नीचे रास्ते में पलट गई। उसमें आधा दर्जन बैठी सवारियां घायल हो गईं।

# पुलिस के कार्रवाई न करने पर एसपी से लगाई गुहार

संवाददाता,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी नत्थूराम पुत्र मंगलदास ने कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है। उसने बताया कि वह बीते दिनों घर से दुकान का सामान लेने जा रहा था। दुकान के पास घात लगाए एक युवक ने उसे लाठी से मारपीट कर बेहोश कर दिया। मोबाइल तोड़ दिया और उसके रुपये भी गिर गए। आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। नत्थूराम का आरोप है कि इसके बाद वह थाने पहुंचा और मिलीभगत कर धमकी दी कि फर्जी मामले में फंसा देगा। उसने पुलिस के दबाव से सुलहनामे में दस्तखत करा लिए। कुछ दिन बाद आरोपी ने उसे धमकी दी कि अभी कम मारा है, अब दुबारा हाथ पैर तोड़ देगा। उसका कहना है कि उस पर पुलिसिया दवाब बनाया जा रहा है। फर्जी मुकदमे में फंसाया जा सकता है।

# छात्र- छात्राओं ने खेला बैडमिंटन और शतरंज

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के पारा रैपुरा के राजकीय हाईस्कूल में समर कैंप में रविवार को विभिन्न गतिविधियों से छात्रों को जागरूक एवं ज्ञान प्रदान कर मनोरंजन कराया गया। छात्रों को प्रधानाध्यापिका रंजना रघुवंशी ने योगाभ्यास कराया।

प्रियंका देवी ने त्राटक क्रिया का अभ्यास कराकर ध्यान क्रिया के बारे में बताया। खेल की गतिविधियों में बैडमिंटन एवं शतरंज में छात्रों ने हुनर दिखाया। विशेष कार्यक्रम ताली बजाने,हंसने एवं खुश रहने के फायदे बताए गए।

**आयोजन** | भारत जननी परिसर में शिक्षा संस्कार शिविर का समापन,आदिवासी किशोरियों की उम्मीदों को आकार देने की कोशिश

# आदिवासी बच्चियों को मिला आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारत जननी परिसर रानीपुर भट्ट में शिक्षा संस्कार शिविर का रविवार को समापन हो गया। एक माह तक आदिवासी बच्चियों ने यहां व्यक्तित्व और नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण लिया। अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान की समन्वयक भारती ने बताया कि यह आदिवासी बालिकाओं की उम्मीदों को आकार देने की कोशिश है।

इसमें मानिकपुर ब्लाक के आदिवासी बहुल गांवों इटवां, मनगवां, टिकरिया, गोड़ा, ऊंचाडीह, खिचरी, उमरी आदि की लगभग 50 बालिकाओं- किशोरियों ने हिस्सा लिया। समन्वयक भारती ने बताया कि इनमें कक्षा आठ से लेकर स्नातक और बीटीसी पाठ्यक्रम की छात्राएं शामिल रहीं। इनको एक माह तक नेतृत्व, व्यक्तित्व, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उन्नयन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। गोपाल भाई ने बताया कि इन बच्चियों को गांव गांव जाकर चिह्नित किया गया और बाद में उनके अभिभावकों से लिखित रूप में अनुमति लेकर शिविर में शामिल किया गया। शुरुआत में तो इनमें झिझक दिखी पर फिर इनकी प्रतिभा सामने आने लगी। एक माह में ही कई बालिकाएं शास्त्रीय संगीत में काफी कुछ जान गईं। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन उप्र संगीत नाटक अकादमी की शैलजा कांति ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समापन अवसर पर संत मदनगोपाल दास, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, गायत्री शक्तिपीठ के संचालक रामनारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में माइक आदि का प्रयोग नहीं किया गया। इस दौरान पेड़ों पर बने चित्र आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल गीत, मंगल हो भगवान सबका मंगल हो भगवान से की गई। इसके बाद आदिवासी बच्चियों ने ध्रुपद गायन किया, जाग मेरे भाग, श्यामसुंदर कमलनयन पहुंचे मेरे द्वार। संगीतज्ञ लल्लूराम शुक्ल के संगीत निर्देशन में हुए कार्यक्रम में पखावज पर अवधेश द्विवेदी और तबले पर अनमोल द्विवेदी ने संगत दी। इन किशोरियों ने हर विधा में प्रस्तुतियां देकर साबित किया कि अगर उनको सही मंच मिल जाए तो वे भी नाम रोशन कर सकती हैं।


कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं उप्र नाटक अकादमी की शैलजा कांति, साथ में अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई। अमृत विचार



ध्रुपद गायन करतीं आदिवासी किशोरियां व पेड़ों पर उकेरी गई आदिवासी कला। अमृत विचार

### इन लोगों ने दिया प्रशिक्षण

आदिवासी किशोरियों को संगीतज्ञ लल्लूराम शुक्ल ने शास्त्रीय संगीत सिखाया। रोजी दुबे ने नाट्यकला की बारीकियां समझाईं तो लखनऊ की सौम्या ने नेतृत्व विकास के गुर बताए। प्रमोद दीक्षित ने हिंदी वाचन में शुद्धता का पाठ पढ़ाया। संतोष पटेरिया ने प्रारंभिक हिंदी का ज्ञान दिया। गजेंद्र ने पत्र लेखन और स्थानीय सामान्य ज्ञान के बारे में बताया। रीमा सिंह ने किशोर अवस्था में होने वाली दुश्वारियां बताईं और स्वास्थ्य-सफाई के प्रति जागरूक किया। पूरा शिविर निदेशक राष्ट्रदीप, समन्वयक बूटी और भारती की देखरेख में संपन्न हुआ।

### चुप्पी तोड़ना है मुख्य ध्येय : गोपाल भाई

अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आदिवासी बच्चियों की झिझक खत्म करनी है। उन्होंने बताया कि आदिवासी बालिकाओं, किशोरियों में प्रतिभा की कमी नहीं पर उनमें झिझक होती है। इसे दूर करने की आवश्यकता है। उनकी चुप्पी को तोड़कर पहचान बनाना मुख्य ध्येय है।

### मोबाइल का सदुपयोग करने की दी जानकारी

गोपाल भाई ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान एक पूरे दिन इन बच्चियों को मोबाइल की उपयोगिता और गलत उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। गजेंद्र और अरविंद पटेल ने इनको बताया कि मोबाइल से ज्ञान की बातें जानकर जीवन सुधारा जा सकता है और गलत उपयोग करने से बरबादी होती है।


हारमोनियम पर लल्लूराम शुक्ल, पखावज पर अवधेश द्विवेदी और तबले पर संगत देते अनमोल द्विवेदी। अमृत विचार

